तापमान
अधिकतम 40.2 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 30 अप्रैल 2024

10 किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी चाहिए, बैठक में बनी रणनीति



10 जिला शतरंज संघ ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान








## भीषण गर्मी के साथ ट्विनसिटी के बाजारों में बढ़ी फलों की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गर्मी के दिनों में धूप की तल्खी बढने के साथ ही लोगों के खानपान में भी बदलाव आ जाता है। बढ़ती गर्मी में लोग हमेशा ऐसा खाना पसंद करते है जो सुपाच्य और पेट को हल्का बनाए रखे। ऐसे में फलों एवं उनके जूस का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है साथ यह गर्मी से राहत भी देते हैं। यही कारण है कि गर्मी के मौसम में लोग अनाज के बदले फलों के बाजार की तरफ अधिक जाना पसंद करते हैं। दुर्ग-भिलाई में पिछले कुछ दिनों से गर्मी का कहर बढने से तेज धूप और उमस बढ़ गई है। गर्मी ने लोगों को आहत कर दिया है। यही कारण है कि यहां के बाजारों की फल मंडियों में फलों की मांग बढ़ गई है।

### बाजार में उपलब्ध हैं सभी प्रकार के फल

### भिलाई-दुर्ग में नए फलों की बहार

दुर्ग-भिलाई में इन दिनों नए फलों की बहार आई हुई है। फलों का राजा आम, खरबूजा, तरबूज सहित अन्य फलों की बाजार में उपलब्धता है। फलों की ज्यादा खपत जूस में होती है जो न केवल घरों में उपयोग होते हैं बल्कि उनसे भी अधिक बाजारों में जूस की दुकानों पर इनकी खपत होती है।पावर हाउस निवासी गुड्डू सोनकर ने बताया कि वे गर्मी के दिनों में सबसे ज्यादा पपीता खाना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि अन्य फलों की तुलना में पपीता सबसे सस्ता मिलता है और पाचन को भी दुरुस्त रखने के साथ ही ठंडक भी देता है। उन्होंने कहा पपीते में केरोटिन, विटामिन सी, बी, फोलेट, पोटेशियम, मैग्नीशियम और फाइबर आदि का स्रोत अधिक होता है जो गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य के अनुकूल होते हैं। इसलिए इसका सेवन हर तरीके से स्वास्थ्यवर्धक होता है। सभी को इसका सेवन करना चाहिए।





**तरबूज की मांग सबसे अधिकः** दुर्ग-भिलाई में गर्मी के जोर पकड़ने के साथ ही सबसे पहले जो फल बाजार में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाता है वह तरबूज के हर चौक चौराहे और फलों की दुकान पर यदि किसी फल की मांग अधिक है तो वह है तरबूज। यह पेट में ठंडक पहुंचाता है साथ ही इस फल में मोटापा बिलकुल नहीं है। आए दिन इस फल का सेवन जूस के रूप में सर्वाधिक हो रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. एनके दावड़ा बताते हैं कि तरबूज में विटामिन बी की मात्रा अधिक होती है। इसके खाने से शरीर में एनर्जी बढ़ती है। सुपेला निवासी पंकज गुप्ता के अनुसार वह गर्मी के दिनों में घर में सभी फलों का स्टॉक अधिक रखते हैं। खासकर तरबूज और आम दोनों उन्हें बेहद पंसद है।

### आम की सभी वैरायटी उपलब्ध

गर्मी के दिनों में तरबूज के बाद यदि किसी फल का उपयोग अधिक होता है तो वह है आम। फाइबर से भरा हुआ आम पाचन के लिए बेहतरीन है और आम में मोटापा तो है लेकिन कोलेस्ट्राल बिलकुल नहीं होता। मिठास इसकी इतना अधिक है कि डाइबिटीज के रोगी भी इसे खाने को लालयित हो जाते हैं। बाजारों में विभिन्न क्वालिटी में उपलब्ध हो चुका है और लोग अपने बजट के हिसाब से खरीदने भी लगे हैं। वैसे सेब, संतरा, चीकू, अनन्नास, अमरूद, कटहल, अंगूर सरीखे कई अन्य फलों की भी भरमार है।

### बाजार में फलों की कीमत किलो में

| | |
|---|---|
| सेब | 220 से 250 |
| काला अंगूर | 80 से 100 |
| चेरी | 600 से 700 |
| नारियल | 30 से 50 |
| हरा अंगूर | 80 से 100 |
| आम | 70 से 120 |
| तोताआम | 80 से 100 |
| बैगनफल्ली | 90 से 130 |
| मोसंबी | 60 से 80 |
| पपीता | 60 से 70 |
| तरबूज | 25 से 30 |
| पीला केला | 40 से 50 |
| आनार | 90 से 120 |

### खबर संक्षेप

### छावनी पुलिस के हत्थे चढ़े तीन सटोरिए



**भिलाई।** पुलिस ने तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया है। सटोरियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है।छावनी थाना प्रभारी चेतन चंद्राकर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पावर हाउस स्थित केशरी लॉज के पास अजरूद्दीन उर्फ टिड्डा, उत्तम सिंग, राहुल घोरे नामक युवक अवैध रुप से ऑनलाइन सट्टा का अवैध कारोबार कर रहे थे। पुलिस ने घंराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी अजरूद्दीन उर्फ टिड्डा के पास से मोबाईल फोन, नगदी 5000 रूपये, उत्तम से सफेद रंग की पर्ची सट्टा पट्टी, नगदी 2000, राहुल से सट्टापट्टी, नगदी 1000 रूपये जब्त किया। कुल 25 हजार रुपए सटोरियों से पुलिस ने बरामद किया है। सभी इंदिरा नगर कैम्प 2 के रहने वाले है।

### पांच भारी वाहनों के खिलाफ हुई कार्रवाई



**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने भारी वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई किया है। डीएसपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर ने बताया कि सडक दुर्घटना के मुख्य कारणों मे से 1 नो पार्किंग में खडे वाहन है। ट्रैफिक पुलिस ने धारा 283 के तहत कार्रवाई कर वाहनों को जप्त किया है। निरीक्षक चंद्रकांत कोसरिया , निरीक्षक बोधीराम धीरहे और उनकी टीम के द्वारा नेशनल हाईवे, नंदनी रोड में सडक पर खडे 5 भारी वाहन सीजी 04 एमसी 4114, एमएच 27 बीएक्स 7771, एनएल 01 एफ 9727, आरजे 09 जीडी 6956, आरजे 27 जेडी 0996 के खिलाफ कार्रवाई किया। थाना छावनी, कुम्हारी पुलिस ने कार्रवाई किया है। पुलिस ने वाहन जप्त कर वाहन मालिक, चालक को अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायालय पेश किया जाएगा। सडक किनारे गैरेज संचालन करने वाले को समझाईश दी गई है।

### चुनावी हलचल : महिला वोटरों को साधने कांग्रेस और भाजपा ने झोंकी ताकत

# भाजपा को महतारी वंदन का सहारा वहीं गृहलक्ष्मी के सहारे कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

लोकसभा चुनाव में भले ही आम आदमी से जुडे मुद्दे गौण हो गए है। लेकिन इस चुनाव में फतेह हासिल करने भाजपा और कांग्रेसी दोनो ने महिला वोटरों को चुनावी हथियार बना लिया है। विधानसभा चुनाव में महंतारी वंदन के अंडर करेंट से सत्ता में आई भाजपा जहां लोकसभा सीट जीतने महिलाओं से समर्थन लेने घर-घर जा रही है, वही कांग्रेस के कार्यकर्ता भी महालक्ष्मी न्याय योजना के तहत हर साल एक लाख देने महिलाओं से गली-मोहल्ले में जोरो पर फार्म भरवा रहे है।

उल्लेखनीय है कि, दुर्ग संसदीय सीट में पुरूषों से ज्यादा महिलाओं की संख्या है। विधानसभा में भाजपा की बडी वजह महतारी वंदन योजना बनी थी। जिसे उदाहरण मानकर एक बार फिर भाजपा इसकी दुहाई देकर घर घर समर्थन लेने जा रही है। वही लोकसभा चुनाव जीतने इसी रास्ते में चल पडी कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में गरीब महिलाओं को हर साल एक लाख रूपए देने की घोषणा की है। जिसे लेकर शहर और गांव में कार्यकर्ता सक्रिय हो गए है। कांग्रेस के कार्यकर्ता घर में पहुंचकर बकायदा महिलाओं के घोषणा पत्र की जानकारी दे रहे है, वही लगे हाथ उनके द्वारा फार्म भी भराए जा रहे है। कांग्रेस पार्टी द्वारा दुर्ग संसदीय क्षेत्र के सभी नौ विधानसभा में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। जिसकी चर्चा इन दिनों काफी चरम पर होने लगी है।

**खास बातें**

- कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं को दी फार्म भराने की जिम्मेदारी
- विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली थी योजना की उपलब्धि
- संसदीय सीट में है दस लाख 48360 महिला मतदाता
- कांग्रेस के न्याय पत्र की हो रही है चर्चा

### कांग्रेस गृहलक्ष्मी योजना के लिए भरा रही है फार्म





### पुरूषों के मुकाबले 6360 महिला मतदाता अधिक

दुर्ग संसदीय सीट की बात करे तो यहां बीस लाख 90414 मतदाता है। जिसमें पुरूष की संख्या दस लाख 42 हजार और महिलाएं दस लाख 48 हजार 360 है। इस तरह पुरूषों के मुकाबले यहां 6360 महिला मतदाता अधिक है। यही कारण है कि न सिर्फ भाजपा बल्कि कांग्रेस ने भी इस लोकसभा चुनाव में महिलाओं के लिए महालक्ष्मी योजना लांच कर खलबली मचा दी है। हांलाकि उनके इस योजना को लेकर इतनी रकम कहां से आने के सवाल भी चर्चा का विषय बना हुआ हैं।

### शहर से गांव तक फार्म भराने का हल्ला

कांग्रेस संगठन द्वारा महालक्ष्मी नारी न्याय योजना के लिए जिम्मेदारी दी गई है। शहर में जहां नगरीय निकाय क्षेत्रों में पार्टी के पार्षदों, छाया पार्षदों व कार्यकर्ताओं ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत प्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस मामले में संगठन के नेता निर्मल कोसरे का कहना है कि, कोई ऐसा टारगेट तय नही है। लेकिन जिस कार्यकर्ता को जरूरत पड रही है। वो फार्म की मांग कर रहे है। कांग्रेसी यह आवेदन फार्म लेकर महिला मतदाताओं के बीच पहुंच रहे हैं और उन्हें योजना की जानकारी देकर आवेदन भरवा रहे हैं।

### भाजपा में स्टार प्रचारकों की दौड़

लोकसभा संसदीय क्षेत्र में पहला भिलाई में भाजपा के राष्ट्रीय जगतप्रकाश नड्डा ने बड़ी सभा ली और देश में तीसरा बार मोदी सरकार बनाने का आव्हान किया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बेमेतरा में सभा लेकर कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए नागरिकों को संबोधित किया। दूसरी ओर कांग्रेस के प्रत्याशी राजेन्द्र साहू अपनी बखत पर चुनाव लड़ते दिख रहे है। हांलाकि प्रदेश के अन्य सीट में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जून खडके और महासचिव प्रियंका गांधी आएंगी, वहीं सोमवार को बिलासपुर में देवेन्द्र यादव के पक्ष में पहुंचे थे। हांलाकि अभी दुर्ग संसदीय क्षेत्र में कौन से स्टार प्रचारक पहुंचेंगे अभी तय नहीं हुआ है। यही कारण है कि, कांग्रेस के पक्ष में एक भी कार्यक्रम बड़े स्तर पर नहीं हो पाया है। जानकारी के मुताबिक सिविक सेंटर कांग्रेस की बड़ी सभा आने वाले दिनों में होने की संभावना है। सभा को राष्ट्रीय नेता संबोधित करेंगे।

### छावनी क्षेत्र में हादसा

## सिलेंडर लीक होने से लगी आग, मां और बच्चे झुलसे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

घर का गैस सिलेंडर लीक होने से मां और दो बच्चे झुलसने का मामला सामने आया है। खबर लगने पर पड़ोसियों ने महिला और दोनों बच्चों को आग से बचाने में सफल रहे। घटना में तीन लोग घायल है। घायलों को उपचार के लिए पहले लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला पहुंचाया। उसके बाद तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया। मिली जानकारी के मुताबिक मोती चौक निवासी आशा नायक रविवार की रात अपने घर में बच्चों के लिए दूध गर्म कर रही थी।

- प्राथमिकत उपचार के बाद घायलों को जिला अस्पताल किया रेफर
- पड़ोसियों ने बचाई महिला की जान फिर आग को बुझाया

गैस जलाने से पहले उसने ध्यान नहीं दिया कि सिलेंडर में लीकेज की समस्या है। जैसे ही गैस ऑन की और दूध गर्म करने के लिए रखा आग पूरे सिलेंडर में फैल गया। बताया जा रहा है कि महिला खुद को बचाती उससे पहले आग उसके दुपट्टे में लग गई। वहीं पर दोनों बच्चे भी खेल रहे थे। महिला ने मदद की गुहार लगाई। जब तक पड़ोसी वहां पहुंचते और महिला को बचाते आग उसके कपड़ों में लग गई थी। इससे उसका चेहरा, हाथ, पैर बुरी तरह झुलस गया। आग फैल जाने से महिला ने भागने की कोशिश की, लेकिन बच्चों की वजह से भाग नहीं पाई। खेल रहे बच्चे भी आग की लपेटे में आ गए। इससे बच्चों के हाथ और पैर झुलस गए हैं। पड़ोसियों ने महिला की आग बुझाने के बाद सिलेंडर से रेगुलेटर को बंद कर दिया। तुरंत एंबुलेंस से तीनों को अस्पताल रवाना किया गया।

## चोर गिरोह से 11 वाहन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वाहन चोरी मामले में पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि वाहन चोरी की घटनाओं के मद्देनजर एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक कपिल देव पाण्डेय, थाना प्रभारी भिलाई नगर निरीक्षक राजकुमार लहरे के नेतृत्व में एसीसीयू, थानों की एक संयुक्त टीम बनाई गई । टीम को मुखबिर ने सूचना दिया कि दो युवक जोपहले जिला रायपुर से वाहन चोरी के मामले में पकडे जा चुके है। दोनों वाहन बेचने के लिए ग्राहक की तलाश करते भिलाई पहुचे थे। टीम ने सूचना पर इंदौर जलेबी चौक के पीछे मोहदापारा रायपुर निवासी राहुल तांडी , तेलीबांधा रायपुर भूषण बंजारी उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया गया।

- गिरोह के चार युवकों को दुर्ग पुलिस ने किया गिरफ्तार



पूछताछ करने पर आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार किया। भिलाई नगर क्षेत्र से 2 बाइक और 5 बाइक रायपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्र से कुल 7 नग वाहन चोरी करना बताया है। सीएसपी चिराग जैन ने बताया कि उरला में वाहन चोरी मामले में सागर ढीमर , दानेश्वर साहू को घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपियों से तीन बाइक 1 एक्टिवा जब्त किया गया। पुलिस ने चोरी के कुल 11 वाहन जब्त किया है। जिसकी कीमत 5 लाख 45 हजार रुपए आंकी गई है। इस कार्रवाई में डीएसपी क्राइम हेमप्रकाश नायक आदि योगदान।

## नशेड़ी कार चालक ने ई रिक्शा को ठोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नशे में धुत होकर कार चलाने वाले चालक ने ई रिक्शा को ठोकर मार दी। घटना में चार लोगों को चोट आई है। घटना के बाद कार चालक फरार हो गया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि ई-रिक्शा चालक रविवार रात 3 महिला समेत एक बुजुर्ग को लेकर कुम्हारी से भिलाई की ओर आ रहा था। इसी दौरान एक कार सीजी 08 एएस 3921 का चालक तेज रफ्तार में आया और ई-रिक्शा को पीछे से ठोकर मार दी। रिक्शा उछलकर पलट गया। हादसे में एक बुजुर्ग का पैर टूट गया है, तो वहीं तीनों महिलाओं को काफी चोटें आई हैं। हादसे के बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों ने कार चालक को पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई भी कर दी। खबर लगते ही कुम्हारी पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को हिरासत में लिया। इसके बाद घायलों को इलाज के लिए कुम्हारी अस्पताल भेजा गया। जहां से बुजुर्ग रायपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने कार चालक गंडई निवासी लोमन नेताम को गिरफ्तार कर लिया। चालक का पुलिस ने एल्कोहल टेस्ट करने पर जमकर शराब पीना बताया गया है।

- कुम्हारी थाना क्षेत्र की घटना




### लोकसभा चुनाव को लेकर एसएनजी स्कूल सेक्टर 4 में रेंज स्तरीय कार्यशाला

# वीआईपी सुरक्षा को मजबूत बनाने प्रतिभागियों को दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लोकसभा चुनाव को लेकर एक दिवसीय डीएफएमडी एचएचएमडी डीएसएमडी, बीडीएस, बैगेज, लिब्रि प्रशिक्षण को लेकर रेंज स्तरीय कार्यशाला हुआ। आईजी रामगोपाल गर्ग के निर्देश पर एसपी जितेन्द्र शुक्ला के मार्गदर्शन में एसएनजी स्कूल सेक्टर 4 में ट्रेनिंग कार्यक्रम हुआ। जिसमे 60 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है। इस दौरान मुख्य प्रशिक्षक के रूप में पुलिस मुख्यालय से गुरु नारायण प्रधान और प्लाटून कमांडर वीरेंद्र सिंह, सीआईएसएफ उतई से उपनिरीक्षक लली प्रकाश, धर्मेंद्र कुमार ने प्रशिक्षण दिया। लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए महत्वपूर्ण व्यक्तियों के प्रदेश में प्रवास को दृष्टिगत रखते हुए यह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। जिससे वीआईपी सुरक्षा को और सुदृण करने के लिए मुख्य बिंदुओं को बताया गया जैसे डीएफएमडी का प्रशक्षिण जिसमें चेकिंग आदि को को मजबूत किया जा सके। इसके अलावा संदिग्ध वस्तुएं विस्फोटक से जुडे बीडीएस की ट्रेनिंग दी गई। बैगेज को किस प्रकार से संभालना और रखना है। इसे लेकर ट्रेनिंग दी गई। खाद्य, पेय पदार्थ को सर्विस से पूर्व किस प्रकार की सावधानी रखनी चाहिए। किस प्रकार की जांच के पश्चात उनको पेय पदार्थ, भोजन परोसा जाएगा। इसके बारे में भी बताया गया है। कार्यशाला में एएसपी सुखनंदन राठौर, डीएसपी पनिकराम कुजूर, चंद्र प्रकाश तिवारी समेत 60 पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।



पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

## खबर संक्षेप



### सोनिया ने किया रक्तदान

दुर्ग। जिला चिकित्सालय में एबी पाजिटिव प्लेटलेट्स की आवश्यकता थी प्लेटलेट्स की आवश्यकता होने पर श्रीमती सोनिया अग्रवाल पति संजय अग्रवाल द्वारा प्रथम बार एबी पाजिटिव ब्लड रक्तदान किया गया। इस रक्तदान में दुर्ग जिला रक्त केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ प्रवीण कुमार अग्रवाल और जीवन दीप समिति से अध्यक्ष दिलीप ठाकुर, प्रशांत डोनगांवकर के मार्गदर्शन में रक्तदान किया गया।

### आवासीय शिविर में बच्चे सीखेंगे जीवन नव-निर्माण के गुण

दुर्ग। वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रमण संघ दुर्ग के बैनर तले श्रमण संघीय जैन संस्कार आवासीय शिविर का आयोजन 1 से 9 मई तक जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें साध्वी विजयश्री आर्या एवं प्रियदर्शना प्रियदा का सानिध्य प्राप्त होगा। इनके मार्गदर्शन में ही 9 दिवसीय संस्कार शिविर का आयोजन होगा। जिसमें 8 वर्ष से 20 वर्ष के युवक युवतियां छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से शामिल होंगे। वर्तमान स्थानकवासी जैन श्रमण संघ के अध्यक्ष धर्मचंद लोढ़ा एवं मंत्री राकेश संचेती ने बताया आचार्य भगवान श्री आनंद ऋषि छत्तीसगढ़ प्रवर्तक रतन मुनि के आशीर्वाद तथा युग प्रधान आचार्य सम्राट श्री शिव मुनि जी महाराज एवं युवाचार्य भगवंत श्री महेन्द्र ऋषि जी के पावन आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। इस शिविर में जीवन नव-निर्माण की अनेक विधाओं को सिखाया जाएगा तथा बहुत से धार्मिक अध्ययन से पारंगत किया जाएगा जिसमें साध्वी समुदाय प्रमुख किरदार निभाएंगी।

# चुनाव कराने तैनात रहेंगे 19 कंपनी के जवान, आज से होगा आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आगामी सात मई को संसदीय क्षेत्र में होने वाली चुनाव के लिए 19 जवानों की कंपनियों यहां आएगी। मंगलवार से दुर्ग में कंपनियों के आने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। इसमें सीआरपीएफ, बीएसएफ सहित अन्य जवान शामिल होगें। मतदान केन्द्रों की निगरानी के आलावा कंपनियो द्वारा शंकराचार्य स्ट्रांग रूम की भी पहरेदारी रहेगें।

पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि, 30 अप्रैल से जिले में कंपनियों का आना शुरू हो जाएगा। उन्हें विभिन्न स्थानों पर रूकवाने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होने बताया कि, पुलिस द्वारा चुनाव के चलते करीब बीस बेरियरों की भी लगातार जांच पडताल की जा रही है। इसी संबंध में चुनावी तैयारी को लेकर सोमवार को नियुक्त व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पत्तनसेठ्ठी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के मद्देनजर अधिकारियों की बैठक ली। व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पत्तनसेठ्ठी ने कहा कि, सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करें।

## आज से जवान संभालेंगे मोर्चा, संसदीय क्षेत्र के 2223 बूथों में होंगे तैनात

### एक माह में कार्यवाही की मांगी जानकारी

निर्वाचन कार्य को प्रभावित करने वाले कार्य अवैध शराब परिवहन, नगदी एवं अन्य वस्तुओं के जप्ती की कार्रवाई चेक पोस्ट में होते रहनी चाहिए। अंतर्राज्यीय सीमाओं में अवैध शराब, परिवहन एवं अन्य वस्तुओं के परिवहन के लिए संवेदनशील चेक पोस्ट में इसके लिए जागरूक रहते हुए कार्य करें। उन्होंने उड़दनस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो अवलोकन दल, वीडियो निगरानी दल, सी-विजिल एवं एमसीएमसी की टीम को सतर्कता, सजगतापूर्वक एवं सक्रियतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने विगत एक माह में की गई जप्ती कार्रवाई की जानकारी ली।



### बैंकों से भी नजर रखने कहा गया

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि, अवैध शराब परिवहन, नगदी एवं अन्य सामग्री के परिवहन पर कार्रवाई के लिए पुलिस, आबकारी, जीएसटी, आयकर, परिवहन, एफएसटी, एसएसटी एवं अन्य संबंधित विभाग समन्वय करेंगे। उन्होंने कहा कि, सभी बैंक निर्वाचन के दौरान किसी भी तरह के संदेहास्पद वित्तीय आहरण पर ध्यान देते हुए कार्य करेंगे। व्यय अनुवीक्षण का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। इसके लिए टीम को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। एसपी श्री जितेन्द्र शुक्ला ने कहा कि, चुनाव के दौरान अवैध परिवहन की जानकारी होने पर संबंधित विभाग एवं पुलिस को तत्काल सूचना देने को कहा।

## मची खलबली : आवास खाली करने रेलवे ने थमाया सैकड़ों निवासियों को नोटिस

# गतिशक्ति परियोजना के लिए 112 मकानों को हटाने फरमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्रधानमंत्री गतिशक्ति परियोजना अंतर्गत दुर्ग रेलवे को नया रूप देने की योजना शुरू होने वाली है। इसके लिए रेल्वे द्वारा अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। रेल्वे द्वारा ऐसे सवा सौ लोगों को मकान खाली करने नोटिस जारी किया गया है। तत्काल मकान खाली करने की नोटिस से नौकरीपेशा अधिकारी और परिजनो के बीच खलबली मच गई हैं।

इस योजना के तहत सबसे पहले विद्युत सबस्टेशन, रिपीटर, रिजर्वेशन काऊन्टर के निर्माण का कार्य होगा। मकान कालिको का कहना है कि, इसके निर्माण होने तक उन्हे चरौदा में दी गई खाली जमीन पर भी मकान बन जाएगा। इसलिए उन्हें खाली न कराए जाए। आवास खाली नही कराने की मांग रेल श्रमिक यूनियन व रेल्वे कॉलोनीवासियों ने मंडल रेल प्रबंधक दक्षिण मध्य रेल्वे रायपुर को आवेदन देकर किया है। उसके बावजूद दुर्ग रेल्वे स्टेशन के पुनः निर्माण हेतु आवास खाली करने दबावपूर्ण नीति के तहत बार-बार नोटिस देने का आरोप रेल श्रमिक यूनियन ने लगाया है। यूनियन का कहना है कि, नोटिस के माध्यम से तथा अधिकारियों के माध्यम से रेल कर्मचारियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसका यूनियन विरोध कर रही है। रेल श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष नजीर अहमद ने बताया कि, हमने डीआरएम को भी आवेदन दिया है।

## रेलवे 112 मकान के बदले बनाएंगी 128 घर

### खास बातें

- दायरे में आ रहे हरेभरे पेडों की शिफ्टिंग की प्लानिंग नहीं
- रेल श्रमिक यूनियन ने आवेदन देकर तत्काल खाली नही कराने की रखी मांग
- पीड़ित श्रमिकों ने रेलवे के बड़े अधिकारियों से की शिकायत



### आवास आवंटन के बाद खाली कराने की मांग

यूनियन का कहना है कि, रेल्वे स्टेशन के पुनः निर्माण को मिले आवश्यक विभाग विद्युत और टेलिफोन का जब तक पुनः निर्माण नहीं हो जाता तब तक यह विभाग बन्द नहीं किया जा सकता है। इससे से लगे करीब 112 मकान भी विद्युत और टेलियफोन कार्यालय के बनते तक रहना चाहते है। उनकी मांग है कि, इसी अवधि में रेल्वे द्वारा चरौदा में दिए गए जमीन पर मकान तैयार हो जाएगा। जिसके बाद वे मकान खाली कर देगें।

### दो दर्जन कर्मचारी शिफ्ट भी हुए

एडमिनिस्ट्रेशन निवासियों का कहना है कि, किराए के घर में जाने के लिए हमे समस्या हो रही है। रेल्वे द्वारा श्रमिको को जो एचआरए दिया जा रहा है। वहां तीन से चार हजार रूपए है। ऐसे में किराया का मकान लेने संभव नही है। हांलाकि क्लास वन के अधिकारियों का एचआरए पन्द्रह जार बना है। जिसके कारण करीब दो दर्जनों ने मकान छोड दिया है। लेकिन रेल श्रमिक एचआरए को पर्याप्त नही मान रहे है।

# बूथ केन्द्र तक आने 1950 टोल फ्री पर कर सकेंगे बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मतदान दिवस 7 मई को दिव्यांग एवं 80 साल से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं के लिए दिव्यांग मतदाता रथ की सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

- दिव्यांग व अस्सी वर्ष से अधिक के मतदाता को नि:शुल्क सुविधा

इस निःशुल्क परिवहन के जरिए दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को मतदान के दिन उनके आवास स्थल से मतदान केंद्र तक लाने तथा मतदान के बाद उन्हें घर तक छोड़ा जाएगा।

वाहन बुक करने के लिए टोल फ्री नंबर 1950 पर कॉल किया जा सकता है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में मतदान दिवस 07 मई को दिव्यांग मतदाता रथ द्वारा दिव्यांग एवं 80 आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं के लिए निशुल्क परिवहन व्यवस्था की गई है। चिह्नांकित दिव्यांग व 80 आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं के द्वारा मांग करने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात वापस उनके आवास स्थल तक छोड़ने के लिए दिव्यांग मतदाता रथ की निःशुल्क परिवहन व्यवस्था रहेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदान दिवस 07 मई 2024 दिन मंगलवार, समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को उनके मांग जाने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केंद्र तक लाने एवं मतदान पश्चात वापस उनके आवास स्थल तक छोड़ने हेतु निःशुल्क वाहन व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

### मतदाता रथ के जरिए कर सकेंगे वोटिंग

वाहन को मतदाता रथ नाम दिया गया है, 80+ तथा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान की सुविधा सुलभ कराने की दृष्टि से शहर विधानसभा क्षेत्रवार तथा मतदान केन्द्रवार व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि, इस मतदाता रथ की सुविधा अधिकाधिक 80+ तथा दिव्यांग मतदातागण अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

### सालाना उर्स पाक के लिए बैठक आज

दुर्ग। सालाना उर्स पाक कमेटी की बैठक प्रकाश देश लहरा अध्यक्ष सालाना उसे पाक कमेटी के निर्देशानुसार 30 अप्रैल 2024 को रात्रि 8:30 बजे दुर्ग ट्रांसपोर्ट कंपनी में रखी गई है। जिसमें मई 2024 के सालाना उर्स पाक के कार्यक्रम को लेकर चर्चा की जावेगी। रऊफ कुरैशी जनरल सेक्रेटरी सालाना उर्स पाक कमेटी दुर्ग ने उक्त जानकारी दी है।

# किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी चाहिए, बैठक में बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन द्वारा धमधा ब्लाक के कन्हारपुरी गांव में आयोजित किसान बईठका में शामिल किसानों का कहना था कि, उनके लिए कृषि उपजों का सी 2 लागत पर 50% लाभ जोड़कर न्यूनतम समर्थन मूल्य और इसकी कानूनी गारंटी अहम है। भाजपा ने 2014 में इसे लागू करने का वायदा किया था, जिसे आज तक पूरा नहीं किया हैं। भाजपा के 2024 के चुनाव घोषणापत्र में इस पर कोई बात नहीं है। किसानों का कहना है कि, उन्हें 500/- प्रति माह का सम्मान नहीं एमएसपी की कानूनी गारंटी चाहिए।

किसान बईठका में शामिल किसानों ने प्रदेश के विष्णुदेव साय सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि, कृषक उन्नति योजना में लाखों किसानों को जो धान के बजाय दलहन, तिलहन, सब्जी आदि की फसल लेते हैं आदान राशि से वंचित कर दिया है सिर्फ सरकार को धान बेचने वाले किसान को ही प्रति एकड़ 19257/- की आदान राशि दी जा रही है भाजपा सरकार के इस भेदकारी नीति का पुरजोर विरोध किया जाएगा। किसान बईठका में आसपास के किसान शामिल हुए जिसमें त्रिलोकी पटेल, हेमंत पटेल, पीलाराम पटेल, रोमन पटेल, गंगुदाऊ वर्मा, बोधन पटेल, नारायण पटेल, मोहन वर्मा, दिनेश कश्यप छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के संतु पटेल, आई के वर्मा, राजकुमार गुप्त आदि शामिल रहे।



### किसानों के लिए कोई गारंटी नहीं

लोकसभा चुनाव में मोदी की गारंटी की बड़ी चर्चा हो रही है। लेकिन मोदी के पास किसानों के लिए कोई गारंटी नहीं है, इससे ऐसा लगता है कि किसान भाजपा और मोदी की प्राथमिकता में नहीं है। भाजपा के चुनाव घोषणापत्र में कृषि उपजों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पूर्व की तरह हर साल बढ़ाने की बात कही गई है, लेकिन किसानों की आय दोगुनी करने के मामले में घोषणापत्र में चुप्पी है।

# जिला शतरंज संघ ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला शतरंज संघ एवं छत्तीसगढ़ मंच द्वारा राजेंद्र पार्क उद्यान में गीत संगीत के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

- उपस्थित लोगों को मतदान करने दिलाई शपथ

संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत एवं संरक्षक तुलसी सोनी ने बताया की गीत संगीत के माध्यम से लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने एवं मतदान करवाने की लगातार अपील की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन कर रहे तुलसी सोनी ने उपस्थित लोगो को मतदान करने की शपथ दिलवाई।

इस अवसर पर दिनेश जैन, गुलाब चौहान, हाजी मिर्जा साजिद बैग, त्रिलोक सोनी, युनुस चौहान, हरीश सोनी, अविनाश तिवारी, संजय दुबे, अनिल साहू, गोविंद यादव, संजय खंडेलवाल, मयंक सिंह, जवाहर सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बिना लाइसेंस दवाओं की बिक्री का मेडिकल संगठनों ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

बिना लायसेंस के ओटीसी दवाओं की बिक्री की अनुमति देने केन्द्र सरकार के प्रस्ताव पर ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एण्ड इनिस्ट्स (एआईओसीडी) के राष्ट्रीय सह सचिव अविनाश अग्रवाल व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुधीर अग्रवाल ने गहरी चिंता जताई है। जिसके विरोध में उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य सरकार को ज्ञापन प्रेषित कर प्रस्ताव से जुड़े महत्वपूर्ण जोखिमों से अवगत कराकर प्रस्ताव को जनहित में रद्द करने की मांग की हैं।

- 1 व 2 जून को परिचय सम्मेलन का आयोजन



ज्ञापन के माध्यम से एआईओसीडी के राष्ट्रीय सह सचिव अविनाश अग्रवाल व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुधीर अग्रवाल ने कहा है कि, यह प्रस्ताव मौजूदा दवा कानूनों, फार्मेसी विनियमों और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों सहित प्रासंगिक कानूनी ढांचे का उल्लंघन करेगा। उचित विनियमन के बिना ओटीसी दवा बिक्री की अनुमति देने से गंभीर खतरा पैदा हो सकते हैं। इन खतरों में खतरनाक स्व-चिकित्सा और नशीली दवाओं का दुरुपयोग, फार्मासिस्ट परामर्श सेवाओं का अभाव, प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाओं का बढ़ता जोखिम, नकली दवाओं का प्रसार, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में देरी, दवा की अधिक मात्रा के कारण बीमारियों की अधिक घटनाएं, दवा भंडारण के मानकों से समझौता, अपर्याप्त फार्मा को विजिलेंस उपाय शामिल है। जो जनता के स्वास्थ्य पर विपरित असर डालेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को इस प्रस्ताव के बहुआयामी निहितार्थों पर पुनः विचार करना चाहिए, क्योंकि सामान्य और किराने की दुकानों में दवाओं की अनियमित उपलब्धता समाज के सर्वोत्तम हितों की पूर्ति नहीं कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि देशभर में 12.40 लाख केमिस्टों की सदस्यता के साथ एआईओसीडी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की अखंडता को कमजोर करने वाले किसी भी उपाय को बर्दाश्त नही करेंगी। यदि केन्द्र सरकार ने इस प्रस्ताव को रद्द नही किया तो अगामी दिनों में छत्तीसगढ़ समेत देशभर के केमिस्ट सड़क पर उतरकर आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे।

## बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की सलाह

# लू के लक्षण व बचाव के लिए गाइड लाइन

दुर्ग। भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी दृष्टिकोण के अनुसार प्रदेश सहित जिले में भी माह मई 2024 का औसत तापमान अधिक होने की संभावना है। अधिकांश भागों में लू-तापघात की स्थिति निर्मित हो सकती है। मौसम को ध्यान में रखते हुए राज्य में लू-तापघात से आवश्यक तैयारी एवं बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश तैयार किये गये हैं। इसमें लू के लक्षण एवं बचाव के कारण बताये गये हैं।

### लू के लक्षण

सिर से भारीपान और दर्द होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक हो जाने के बाद भी पसीने का न आना, अधिक प्यास और पेशाब कम आना, भूख कम लगना तथा बेहोश होना।

### लू से बचाव के उपाय

लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी से ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतया नमक की कमी हो जाना होता है। अतः इससे बचाव के लिए अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाए। धूप से निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें। पानी अधिक मात्रा में पिये और अधिक समय तक धूप में न रहें। गर्मी के दौरान नरम मुलायम सूती कपड़े पहनने चाहिए ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे। इसी प्रकार अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पीयें। चक्कर आनेए उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी का सेवन करें।

### प्रारंभिक उपचार

बुखार पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठण्डे पानी की पट्टी लगावेंस अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलावें जैसे कच्चे आम का पना, जल जीरा आदि पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लिटा देवेंस शरीर पर ठण्डे पानी का छिड़काव करते रहेंस पीड़ित व्यक्ति को यथाशीघ्र किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जाए तथा मितानिन एएनएम से ओआरए के पैकेट हेतु संपर्क करें।

### क्या न करें

गर्मी के दौरान बाहर न जाए, यदि आपको आवश्यक कार्य के लिए बाहर जाना है तो दिन के शीतलन घंटों के दौरान अपनी सारणी निर्धारित करने का प्रयास करें। दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच नंगे पैर या बिना चेहरे को ढ़के और बिना सिर ढंककर बाहर न जाए। दोपहर के दौरान खाना पकाने से बचें, खाना पकाने वाले क्षेत्रों रसोई घरों में दरवाजे और खिड़कियां खोल कर रखें जिससे पर्याप्त रूप से हवा आ सके। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड पेय पीने से बचे जो शरीर को निर्जलित करते हैं।

# डाक मतपत्र द्वारा मतदान के लिए योगिता प्रभारी अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत सुविधा केन्द्रों में डाक मतपत्र के द्वारा मतदान हेतु निर्धारित संपूर्ण प्रक्रिया का पालन कराए जाने व आवश्यक सामग्री, दस्तावेज कोषालय से सुविधा केन्द्र एवं वापसी हेतु प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया था। पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए दुर्ग जिले के समस्त विधानसभा के लिए नायब तहसीलदार श्रीमती योगिता बंजारे को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। ज्ञातव्य है कि दुर्ग जिले के मतदाता जिला दुर्ग एवं अन्य जिले में कार्यरत जो कि मतदान दिवस पर चुनाव कार्य में तैनात रहेंगे को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराए जाने हेतु 28 अप्रैल से 1 मई एवं 4 से 5 मई को प्रातः 9 से शाम 5 बजे तक बीआईटी कॉलेज दुर्ग में सुविधा केन्द्र बनाया गया है।



## खबर संक्षेप

### इप्टा की ग्रीष्मकालीन नाट्य कार्यशाला 10 से

**भिलाई।** भिलाई भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा )द्वारा ग्रीष्मकालीन बाल एवं तरुण नाट्य कार्यशाला का आयोजन 10 मई से 30 मई तक भिलाई में किया गया है। 30 एवं 31 मई को बच्चों द्वारा शिविर में तैयार किए गए,गाने, नृत्य एवं नाटकों की मंच प्रस्तुति की जाएगी। नाट्य शिविर में इप्टा के अनुभवी कलाकारों द्वारा द्वारा बच्चों को योग, क्राफ्ट, थिएटर गेम्स,गायन, चित्रकला (कार्टून), मूर्तिकला, अभिनय, स्क्रिप्ट राइटिंग का प्रशिक्षण दिया जायेगा । प्रशिक्षार्थियों को साहित्यकारों और लोक कलाकार द्वारा रुबरु कराया जायेगा । प्रशिक्षण के लिए फॉर्म इप्टा कार्यालय नेहरू सांस्कृतिक भवन सेक्टर 1से शाम 6:30 से रात्रि 9 बजेतक प्राप्त किए जा सकते हैं। 12वर्ष से अधिक उम्र के बच्चे प्रशिक्षण में भागीदारी कर सकते हैं। चित्रांश श्रीवास्तव,चारु श्रीवास्तव व निकिता से संपर्क कर सकते हैं।

### केले की उन्नत फसल पर प्रशिक्षण आयोजित



**कुम्हारी।** छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ, खपरी कुम्हारी द्वारा किसानों के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा जाता है जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के किसान लाभान्वित होते हैं। कार्यकम के प्रारम्भ पूर्व दीप प्रज्जवलन प्रदेश अध्यक्ष विरेन्द्र लोहान, सचिव भूपेन्द्र दुबे, दिलीप राठौर, संजय गोहिल एवं हर्षित पढ़ियार द्वारा किया गया। इसी कड़ी में शनिवार को केले की उन्नत खेती के विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बिलासपुर, जशपुर, महासमुन्द सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के किसान प्रशिक्षण लेकर लाभान्वित हुए। छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ का मूल उद्देश्य धान लगाने वाले किसानों को बागवानी फसल उत्पादन करने की तरफ प्रेरित करना है। केला प्रशिक्षण कार्यक्रम में खेत की तैयारी से लेकर फसल कटाई तक सम्पूर्ण जानकारी दिया गया। संघ भवन में आयोजित इस प्रशिक्षण उपरान्त चावड़ा फार्म गोमची में किसानों को फील्ड विजिट कराया गया जहां वर्तमान में केले की फसल लगी हुई है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 100 किसान सम्मिलित होकर लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में एकेएफसे दीप चौहान द्वारा यह प्रशिक्षण दिया गया। फील्ड विजिट के लिए चावड़ा फार्म से भाविन चावड़ा द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया है। इस प्रशिक्षण से यह प्रयास किया गया कि किसान पारंपरिक खेती के अलावा उन्नत खेती की ओर भी अग्रसर होंगे।

### कांग्रेसी अपने कुकर्मों के कारण चुनाव हारेः अजीत

**अंडा।** विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपने कुकर्मों के कारण चुनाव हारे और दोष भारतीय जनता पार्टी की सरकार को दे रहे हैं। दुर्ग जिला भाजपा किसान मोर्चा महामंत्री अजीत चंद्राकर ने कांग्रेस के ऊपर आरोप लगाया कि कांग्रेसियों द्वारा गौमाता गौठान संबंधित भाजपा के ऊपर आरोप लगाए जाने के बाद जिला किसान मोर्चा महामंत्री किसान नेता अजीत चंद्राकर ने कांग्रेसियों के ऊपर हमला बोलते हुए कहा कि गौठान बंद होने की मुख्य वजह खुद कांग्रेसी है पिछले 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ की सभी गौठानों को दलाली का अड्डा बनाकर रखा हुआ था। कमीशन खोर लोग बाहर बाहर से गोबर लाकर किसानों को खाते में डालकर पैसे की वसूली कर रही थी ना तो गौठानो में पैरों की कोई व्यवस्था नहीं थी पूरे 5 साल गौ माता सड़कों पर घूमते रहे एक्सीडेंट होते रहा करोड़ों रुपए गौ माता के नाम से डकार गए उसी का प्रतिफल है कि छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस को नकारकर भारतीय जनता पार्टी के ऊपर भरोसा किया उसके बाद भारतीय जनता पार्टी की सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी ने किसानों हित में ध्यान रखते हुए 2 साल का बोनस तत्काल जारी किया 21 कुंतल और 3100 रुपए एक मुस्त देकर किसानों को आत्मनिर्भर बनाया महतारी वंदन योजना के नाम पर भारतीय जनता पार्टी ने जो वादा किया उसे पूरा किया उसको दुर्ग जिले के नेता पचा नहीं पा रहे हैं।

# समाज को मजबूत बनाए रखने हमें एकजुट रहना होगाः ताम्रध्वज

## खम्हरिया में तहसील स्तरीय कर्मा जयंती धूमधाम से मनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उतई



तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण द्वारा तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव समारोह ग्राम खम्हरिया में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठन में एकता जरूरी है। अपने कार्यों का अवलोकन करें कि हमारे समाज पिछले साल कहां था और अब कहा है। हमने पिछले साल कितने गरीबों का इलाज कराया कितने गरीब बच्चों को शिक्षा दी। उसको सोचे और आने वाले दिनों में नया लक्ष्य बनाकर कार्य करें। उन्होंने आगे कहा कि माता कर्मा के बताए मार्ग में समाज को चलना है। समाज का उद्देश्य यह है कि समाज की संगठन को मजबूत करना। समाज की जीतने भी बुराई हैं उसे दूर करना है। जिससे समाज में एकजुटता होगा और जब समाज एकजुट रहेगा तब समाज अधिक मजबूत होगा। अध्यक्षीय उदबोधन में जिला साहू संघ के अध्यक्ष नंदलाल साहू ने कहा कि साहू समाज सबसे बड़ा व संगठित समाज है। जिसे बनाए रखने के लिए हम सबको एकजुट रहना होगा।

पूर्व मंत्री रमशीला साहू ने कहा कि जिस श्रद्धाभाव से साहू समाज ने जयंती को परंपरागत रुप से मनाते हुए आ रहे हैं, इसे और समाज में दृढ़ करने की आवश्यकता है। इसके लिए सभी लोगों को शिक्षित होना आवश्यक है। क्योंकि इससे हमें अच्छे-बूरे, धर्म-अधर्म और निर्णय लेने की क्षमता में विकास होता है।

पूर्व अध्यक्ष हस्त शिल्प बोर्ड दीपक ताराचंद साहू ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि जिस प्रकार माता कर्मा ने साहू समाज को एकता, त्याग, तपस्या और समरस्ता का मार्ग दिखाया है उन्हे आदर्श मानकर हमें उनके दिखाये मार्ग पर चलना चाहिए। इस आयोजन में छतीसगढ़ लोक कला मोर संगी जाहुरिया ग्राम धौराभाटा की शानदार प्रस्तुति रही।

समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक महिला और पुरुषों का सम्मान माता कर्मा की फोटो फ्रेम, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, राजेंद्र साहू, लक्ष्मी यशवंत साहू, खिलावन सिंह साहू, राजेश साहू, कृष्णा प्रसाद साहू, दिव्या कलिहारी, यतीश साहू, सुनील साहू, दिनेश साहू, पोषण साहू, श्यामलाल साहू, देवश्री साहू, मुकेश साहू, सरपंच सुखीराम यादव, वामन साहू, द्वारिका साहू, छबिलाल साहू, किशोर साहू, तुलाराम साहू, दयाराम साहू, द्रौपदी साहू, अशोक साहू, शंकरलाल साहू, जगदीश दीपक, उमाशंकर साहू, संजय साहू, पुसउ राम साहू, सुमंत साहू, अविनाश साहू, संदीप साहू, अजय साहू, छंगालाल साहू सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## विधायक चंद्राकर ने पुरैना, जोरातराई, डुंडेरा में किया सघन जनसंपर्क

# 400 पार के महायज्ञ में आहुति डालने और मोदी सरकार बनाने तैयार दुर्ग की जनता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उतई

दुर्ग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने पुरैना, जोरातराई, डुंडेरा में सघन जनसंपर्क किया। उन्होंने पुरैना हनुमान मंदिर से पूजा-अर्चना कर पुरैना की जनता, देव तुल्य नारी शक्ति ने जगह-जगह फूल माला आरती सजाकर भव्य स्वागत सम्मान किया। सघन जनसम्पर्क कर सामाजिक कार्यकर्ता व आम नागरिकों से मुलाकात कर मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन की जानकरी प्रदान कर आगामी लोकसभा चुनाव में कमल का बटन दबाकर फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया और विजय बघेल को पुनः सांसद बनाना है।

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्ष का स्वर्णिम कार्यकाल कांग्रेस के 60 वर्ष के कार्यकाल पर भारी पड रहा हैं। मोदी के नेतृत्व में भारत आंतरिक और बाह्य दोनों रूप में सशक्त बना हैं। विकसित भारत का यह कैलेंडर हमें विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रेरित करता हैं।

2024 का यह चुनाव आम चुनाव नहीं हैं यह राष्ट्र के नवनिर्माण का चुनाव हैं, इस नवनिर्माण की बागडोर हम सबको मिलकर आधुनिक भारत के विश्वकर्मा श्री नरेंद्र मोदी जी के हाथों में सौपना हैं। आगे उन्होने कहा कि डबल इंजन सरकार में विकास तेज गति से होता हैं जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण मोदी की गारंटी और विष्णु का सुशासन हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की तीन माह की सरकार ने लगातार जनहित में निर्णय लेकर स्वर्णिम इतिहास रच दिया हैं। महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत, दो वर्ष का बकाया बोनस प्रदान जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। देश और प्रदेश की उन्नति, प्रगति और विकास के लिए श्री चंद्राकर ने 400 पार के लक्ष्य को पूरा करते हुए फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया और दुर्ग सांसद प्रत्याशी विजय बघेल जी को पुनः भारी मतों से विजय बनाना है।

**मोदी की गारंटी, विष्णु के सुशासन से छत्तीसगढ़ के 11 सीटों में खिलेगा कमल**



### जनसंपर्क के दौरान यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, महामंत्री राजू जंघेल, दशरथ साहू, भिलाई जिला महिला मोर्चा महामंत्री कंचन सिंग, राजू नेताम, सांसद प्रतिनिधि पप्पू दीपक चन्द्राकर, सोनू राम सिंग, मंडल मंत्री अजित चौधरी, पूनम सपहा, दुर्गा, छाया पार्षद दुर्गेश साहू, एम लक्ष्मण, जी कनेश्वर राव, बी कृष्णा राव, डी साई, ओम प्रकाश, शंकर यादव, मोहन बघेल, पी रामा राव, सी एच बैकुंठ, दिलेश, पी चंद्रप्रकाश, डी नीरज, डी तिरुपत राव, अनुसुईया बिंदा, गीतेश्वरी, सरल, भवानी सरस्वती, द्रोपिति यादव, रूप शरण यादव, पार्षद ओम प्रकाश, लता मानिकपुरी, अमेरिका दुलारी, प्रमीला सरोजनी, मीना, सचिन, जानकी, सतमती, कुंती बाई, कुशल, लक्ष्मी चंद्राकर, गंगोत्री, पुष्पा, सतरूपा, मनीषा साहू, मेलू महेश्वर पटेल, विजय विश्वकर्मा, सोमनाथ, शंकर यादव, गणेश यादव, विष्णु यादव, रति राम, कुंती निर्मल, खोरबाहरीन निषाद, मेहतरीन बाई, तारा यादव, सेवरा देवी, रूखमणी यादव, लक्ष्मी यादव, संतोष, सिखा, लखन नाग, वेद व्यास, चंद्रा बारीक, आरती गोड, लक्ष्मी बाग, सुरजो, नाग, चिन्ता मानी बाग, हुमन बिनिया, ज्योति झा, छोटू सोना, सोना बाग, बलदेव सोना सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता व लोग उपस्थित थे।

## कांग्रेस का चुनाव प्रचार जोर-शोर से, राजेंद्र की जीत है सुनिश्चित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाटन

दुर्ग लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू के समर्थन में चुनावी प्रचार कला जत्था कार्यक्रम पाटन विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में जोर-शोर चल रहा है। जिसमें पाटन विधानसभा प्रभारी कौशल चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश ठाकुर, महेंद्र वर्मा, अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, युगलकिशोर आडिल राजप्रधान, जयश्री वर्मा पूर्व ज़िपं, भूपेंद्र बघेल, देवकुमार निषाद, विष्णु चंद्राकर, कमलेश नेताम, सोहन जोशी, सालिक साहू जोन प्रभारी, अमित अग्रवाल, प्रेमप्रकाश पांडे ने विचार व्यक्त कर कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मत देने की अपील कर रहे हैं। सभी वक्ताओं ने कांग्रेस पार्टी की न्याय गारंटी का बखान करते हुए बीजेपी प्रत्याशी लापता सांसद को कोसा। हमारा प्रत्याशी सरल, सहज, सौम्य, कर्मठ, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी है। जिसमें जन सेवा करने का जज्बा झलकता है। कला जत्था का कार्यक्रम 20 ग्रामों में किया गया। जिसमें धौराभाठा, अगेश्वर साहू परसाही, वेदप्रकाश साहू फेकारी, पवन पटेल, कानाकोट नंदकिशोर राजपूत, गाड़ाडीह देवेंद्र गेडाम, लुल्ली चक्रधारी बोदल, अशोक मढरिया मटंग, भागवत वर्मा, दुलेश्वर साहू सांतरा देवेश चंद्राकर, मनोज वर्मा, राजा साहू, मर्रा पालेश्वर ठाकुर सहित आदि उपस्थित थे।

## ग्रामीणों को मिल रहा आधार सुविधा केंद्र का लाभ

**निकुम।** दुर्ग जिले के आखरी गांव निकुम ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रहा है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर के प्रयास से आधार सुविधा केन्द्र खुलने से ग्रामीणों को कही भटकने की जरुरत नहीं पड़ रही है। वहीं जरुरी दस्तावेज लाने पर आसानी से आधार कार्ड बन रहा है। गौरतलब हो कि निकुम क्षेत्र 15 गांवों का केन्द्र बिन्दु है। विकासखंड दुर्ग के ग्राम पंचायत निकुम में आधार कार्ड सेवा केन्द्र खुलने से क्षेत्र के ग्रामीण आधार कार्ड सेंटर में आकर नये आधार कार्ड ,सुधार ,अपडेट करा रहे है। वहीं क्षेत्र के ग्रामीण जन आधार कार्ड बनवाने दुर्ग ,अर्जुन्दा, गुण्डरदेही बस व निजी वाहनों खर्च कर जाकर कई किलोमीटर दूरी तय कर करना पड़ता था। ,वही बुर्जुगों को ले जानें में परेशानी होती थी। कई बार सर्वर डाउन के कारण निराश होकर जाना पड़ता था। ग्राम पंचायत निकुम सरपंच मुक्ति सुधाकर व ग्रामीणों ने गांव में आधार कार्ड सुविधा केन्द्र खोलने की मांग विधायक से की।

## गांवों में अवैध ईंट भट्टों का संचालन चल रहा धड़ल्ले से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमधा

धमधा ब्लॉक के अनेकों गांवों में अवैध ईंट भट्टों का संचालन धड़ल्ले से चल रहा है। धमधा क्षेत्र के बिरझापुर, बरहापुर, डगनिया, भरनी, नंदवाय, देवरी, पेंड्री, रौंदा, ठेलका, अछोली, हिरेतरा,

- राजस्व, माइनिंग और पर्यावरण विभाग सभी के संरक्षण में चल रहा अवैध कारोबार

परसकोल आदि ग्रामीण इलाकों में प्रशासन के नाक के नीचे अवैध ईंट भट्टा संचलित हो रहा है। राजस्व विभाग, माईनिंग विभाग, पर्यावरण विभाग सब के संरक्षण में यह अवैध कारोबार चल रहा है। नियम कायदे सब छोड़ अवैध कारोबार कर रहे हैं। आज तक इनके ऊपर कोई कार्यवाही नहीं किया जाना कई संदेह को जन्म दे रहा है। जहाँ चिमनी भट्टे वाले परमिशन लेकर नियम कायदे के अनुसार कार्य कर रहे हैं। वहीं गांव-गांव में प्रधानमंत्री आवास बनने के कारण इनकी चल पड़ी है वहीं चिमनी भट्टे वाले हाथ पे हाथ धरे रह जाते हैं। कई बार इनकी शिकायत किया जा चुका है, लेकिन इनके ऊपर कोई कार्यवाही नही होना कई संदेह को बल दे रहा है। अवैध ईंट भट्टों से जहां पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है वहीं माइनिंग एवं राजस्व विभाग को रायल्टी सहित अनेकों राजस्व की हानि हो रही है। समय रहते यदि इन अवैध ईंट भट्टो को बंद नही किया जाएगा तो जंगल में लकड़ी मिलना तक बंद हो जाएगा।



## सुप्रीम कोर्ट के आदेश के परिपालन से मिलेगा पदोन्नति में आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेलूद

पदोन्नति में आरक्षण मामले पर हाईकोर्ट बिलासपुर ने अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट के दिए गए विभिन्न फैसलों के अनुसार कैडर वाइस रिफार्म कर राज्य सरकार को तीन महीने में नियम बनाने के लिए 16 अप्रैल को आदेशित किए हैं। सतनामी आसरा पाटन के संरक्षक सलाहकार समाजसेवी ओम टंडन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा गठित पिंगुआ कमेटी ने छत्तीसगढ़ राज्य में अपर्याप्त प्रतिनिधित्व को स्वीकार करते हुए पदोन्नति में आरक्षण लागू करने की मंशा से रिपोर्ट हाईकोर्ट बिलासपुर में संलग्न किए थे। लेकिन सुप्रीम कोर्ट द्वारा एम नागराज व अन्य के मामले में जारी 2022 के आदेश में कैडर वाइस डाटा हाईकोर्ट बिलासपुर को नहीं संलग्न किए गए और छत्तीसगढ़ शासन के कुछ जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा उचित पहल नहीं करने के कारण छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जारी 22 अक्टूबर 2019 की अधिसूचना पर रोक लगाते हुए गेंद छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के पाले में डालते हुए सुप्रीम कोर्ट के द्वारा जारी पदोन्नति में आरक्षण पर विभिन्न आदेशों के परिपालन में तीन महीने में कैडर वाइस डाटा रिफार्म कर नियम बनाने आदेश जारी किए गए हैं। प्रदेश के 45% निवासरत अजा/अजजा आरक्षित वर्गों को साय सरकार से उम्मीद है कि तय समय में उचित निर्णय लेते हुए छत्तीसगढ़ राज्य में प्रतिनिधित्व में असमानता को दूर करने पदोन्नति में आरक्षण के लिए तय समय में नियम बनाकर संवैधानिक अधिकार से लाभान्वित करेंगे।

## व्यावसायिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों का हुआ इंटर्नशिप कार्यक्रम

# इंटर्नशिप में 118 विद्यार्थियों को मिली प्रोत्साहन राशि व प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर




स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय जामगांव आर में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम ट्रेड - हेल्थ केयर एवं ट्रेड - मीडिया एंड एंटरटेनमेंट के विद्यार्थियों का इंटर्नशिप कार्यक्रम आयुष्मान हॉस्पिटल जामगांव आर एवं द्रोणी कंप्यूटर सेंटर जामगांव आर में हुआ। प्रत्येक विद्यार्थियों को इंटर्नशिप प्रोत्साहन राशि 1300 रुपए उनके बैंक खातों में जमा किया गया यह राशि राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ द्वारा दिया गया। कक्षा 11वीं एवं 12वीं के कुल 118 विद्यार्थी शामिल हुए। इंटर्नशिप प्रमाण पत्र प्राचार्य राजेश पिल्लई की उपस्थिति में वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के व्यावसायिक शिक्षा के प्रभारी डीके साहू, व्यावसायिक प्रशिक्षक नीलकंठ धीवर एवं गौरव कुमार मिथिलेश, वसीम खान सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे। विद्यार्थियों ने ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, तापमान चेक करना, बेड मेकिंग, ड्रेसिंग, इंजेक्शन लोड करना, दवा के डोज, दवा देने के मार्ग के बारे में मीडिया के विद्यार्थी इंटर्नशीप में छात्रों ने फोटोग्राफी, वीडियो एडिटिंग, विडियो मेकिंग, फोटो प्रिंटिंग, शादी कार्ड, फोटोशाप साफ्टवेयर यूज कर फोटो एडिटिंग करना, पासपोर्ट साईज फोटो बनाना, पीसीआईएम में सेट करना, एसडी कार्ड वीडियो शूटिंग आदि के बारे में जानकारी प्राप्त किए।

### आम सूचना

सवर्साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ओम प्रकाश साहू पिता-श्री विष्णु राम साहू निवासी ग्राम सिरसाखुर्द, पो.आ.-जेवरा सिरसा, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के नाम पर उसके, हक, स्वामित्व एवं आधित्य की ग्राम सिरसाखुर्द, प.ह.नं.-09, तहसील व जिला-दुर्ग छ.ग. में भूमि स्थित है, जिसका ऋण पुस्तिका क्रमांक-पी0-0114757 है, जिसका खसरा नंबर-888 रकबा 0.40 हेक्टेयर है, जिसे अफताब उल रब पिता-एस.एम. रब निवासी-भवन क्रमांक-बी.-04, रॉयल ग्रीन जुनवानी भिलाई तहसील व जिला-दुर्ग छ.ग. के द्वारा उक्त भूमि को दिनांक-27/02/2023 को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम स्वरूप बैनामा की राशि अदा कर इकरारनामा निष्पादित कर दिनांक-27/02/2023 से लेकर दिनांक-30/06/2023 तक अर्थात-04 माह के भीतर मेरे पक्षकार को सौदे की शेष रकम अदा कर सौदाशुदा भूमि का रजिस्ट्री पंजीयन कराने का इकरार किया था ।

इसके उपरांत दिनांक-30/06/2023 अर्थात-04 माह के भीतर मेरे पक्षकार को सौदे की शेष बचत रकम अदा कर सौदाशुदा भूमि का रजिस्ट्री कराये जाने का आश्वासन दिया गया था, परन्तु कई बार सम्पर्क कर, विधिक सूचना दिये जाने के बाद भी समयावधि में शेष रकम अदा कर बैनामा पंजीकृत नही करवाया है, और इस तरह इकरारनामा की शर्तो का क्रेता अफताब उल रब के द्वारा स्वयं उल्लंघन किया गया है, इस कारण उक्त इकरारनामा दिनांक-27/02/2023 की शर्तों के अनुसार दिनांक-30/06/2023 को समाप्त होकर प्रभाव शुन्य, रद्द एवं निरस्त शुन्य हो चुका है, उक्त संबंध में मेरे पक्षकार ने अफताब उल रब को विधिक सूचना पत्र भी दिनांक-16/12/2023 तथा अंतिम सूचना पत्र दिनांक-28/03/2024 प्रेषित किया है, जिसका समय सीमा 30 दिन के भीतर अर्थात-26/04/2024 समाप्त हो गया है।

अतः मेरे पक्षकार अब उक्त भूमि को अन्य किसी भी व्यक्ति को विक्रय करने के लिये स्वतंत्र हैं ।

"तदानुसार सूचना जाने ।"

भवदीय
रामकुमार निषाद
(अधिवक्ता) दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9753931282

स्थान :- दुर्ग (छ.ग.)
दिनांक-29/04/2024

### आम सूचना

सवर्साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार विष्णु राम साहू पिता-स्व. ओलसाय साहू निवासी ग्राम सिरसाखुर्द, पो.आ.-जेवरा सिरसा, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के नाम पर उसके, हक, स्वामित्व एवं आधित्य की ग्राम चिखली, प.ह.नं.-11, तहसील व जिला-दुर्ग छ.ग. में भूमि स्थित है, जिसका ऋण पुस्तिका कमांक-पी0-973021 है, जिसका खसरा नंबर-71/3, 71/2, 71/1, 69/3, 69/2, 69/1, 67 रकबा 0.63, 0.09, 0.11, 0.67, 0.05, 0.08, 0.06 कुल रकबा-1.69 हेक्टेयर है, जिसे अफताब उल रब पिता-एस.एम. रब निवासी-भवन क्रमांक-बी.-04, रॉयल ग्रीन जुनवानी भिलाई तहसील व जिला-दुर्ग छ.ग. के द्वारा उक्त भूमि को दिनांक-27/02/2023 को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम स्वरूप बैनामा की राशि अदा कर इकरारनामा निष्पादित कर दिनांक-27/02/2023 से लेकर दिनांक-30/06/2023 तक अर्थात-04 माह के भीतर मेरे पक्षकार को सौदे की शेष रकम अदा कर सौदाशुदा भूमि का रजिस्ट्री पंजीयन कराने का इकरार किया था ।

परन्तु कई बार सम्पर्क कर, विधिक सूचना दिये जाने के बाद भी समयावधि में शेष रकम अदा कर बैनामा पंजीकृत नही करवाया है, और इस तरह इकरारनामा की शर्तों का क्रेता अफताब उल रब के द्वारा स्वयं उल्लंघन किया गया है, इस कारण उक्त इकरारनामा दिनांक-27/02/2023 की शर्तों के अनुसार दिनांक-30/06/2023 को समाप्त होकर प्रभाव शुन्य, रद्द एवं निरस्त हो चुका हैं, उक्त संबंध में मेरे पक्षकार ने अफताब उल रब को विधिक सूचना पत्र भी दिनांक-16/12/2023 तथा अंतिम सूचना पत्र दिनांक-28/03/2024 प्रेषित किया है, जिसका समय सीमा 30 दिन के भीतर अर्थात 26/04/2024 समाप्त हो गया हैं।

अतः मेरे पक्षकार अब उक्त भूमि को अन्य किसी भी व्यक्ति को विक्रय करने के लिये स्वतंत्र हैं ।

"तदानुसार सूचना जाने ।"

भवदीय
रामकुमार निषाद
(अधिवक्ता) दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9753931282

स्थान :- दुर्ग (छ.ग.)
दिनांक-29/04/2024

# भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चलाया जा रहा अभियान

## भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने होटल सेंट्रल पार्क में की डॉक्टरों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ भिलाई-दुर्ग द्वारा होटल सेंट्रल पार्क में डॉक्टरों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक एवं पूर्व विधायक महासमुंद डॉ. विमल चोपड़ा, चिकित्सा प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश संयोजक डॉ. अखिलेश दुबे भी शामिल हुए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के भिलाई जिला अध्यक्ष महेश वर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य बृजेश बिचपुरिया, चिकित्सा प्रकोष्ठ भिलाई के संयोजक डॉक्टर प्रदीप चौधरी,



दुर्ग चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. आदर्श त्रिवेदी, कार्य समिति सदस्य डॉ. अनुज खरे, वैशाली नगर विधानसभा प्रभारी कन्हैया सोनी, डॉ. जयराम, डॉ. सत्येंन ज्ञानी, डॉ. सुनील साहू, डॉ. अजय गजेंद्र , डॉ.नीरज शर्मा, डॉ. संजय गोयल , डॉ. नवीन दारूका, डॉ. एसके शर्मा, डॉ. हिशिकर, रेशम देवांगन एवं भारी संख्या में डॉक्टर उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में डॉ. विमल चोपड़ा ने डॉक्टर को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने जो लक्ष्य रखा है अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए डॉक्टर का मार्गदर्शन किया एवं भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में लगभग 35 डॉक्टर भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश लिया और भारतीय जनता पार्टी को मज़बूत बनाने में अपना सहयोग प्रदान करने एवं भारतीय जनता पार्टी दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल को प्रचंड बहुमत से जीताने के लिए एवं नरेंद्र मोदी को तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने का संकल्प भी लिया। भारतीय जानता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ भिलाई के संयोजक डॉ. प्रदीप चौधरी, डॉ. आदर्श त्रिवेदी के अथक प्रयास से कई डॉक्टरों ने भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया। डॉ. आरपी गुप्ता, डॉ. सारांश, डॉ. कुलदीप, डॉ. सारांश, डॉ. मयंक, डॉ. दीपांशु, डॉ. आदित्य, डॉ. अर्चित, डॉ. वैभव, डॉ. मोहित, डॉ. साकेत, डॉ. साहू, डॉ. ससीन देवांगन, डॉ. अंजिता चौहान, डॉ. राकेश, डॉ. आनंद, डॉ. जय सोनी, राजश्री गुप्ता को भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा पर पोस्ट द्वारा डॉक्टर विमल चोपड़ा के सानिध्य में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई।

## खबर संक्षेप



### गदा चौक पर नवनिर्मित पुलिया पर अटका ट्राला

**भिलाई।** भिलाई नगर निगम के महापौर नीरज पाल की दौरे के दौरान आम जनता ने पुलिया की बात की गई थी पुलिया बनाया गया था जो एक ट्राले के जाते ही फस गया। पुलिया मानक अनुरूप नहीं बनाए गए हैं इसमें भ्रष्टाचार है आखिर इंजीनियर ने इसकी रूपरेखा कैसे बनाई निर्माण किया जिससे यह स्थिति पैदा हो रही है इसकी जांच होनी चाहिए। भाजपा नेता शारदा गुप्ता ने महापौर पर आरोप लगाया कि नगर निगम के पैसे का दुरुपयोग कर हर जगह क्षेत्र में भ्रष्टाचार की गई है। इसी तरह शांति नगर दशहरा मैदान में भी एक करोड रुपए खर्च कर मैदान में घास लगाया गया है इसमें भी भारी भ्रष्टाचार हुआ है इसकी भी जांच होनी चाहिए। अवंती बाई चौक को भी बिना प्लान के बनाया गया है रोज दुर्घटनाएं हो रही है। लोग दुर्घटना से मारे जा रहे हैं इसकी जवाबदारी किसकी बनेगी इस पर विचार किए जाने की आवश्यकता है। भाजपा नेता शारदा गुप्ता ने कहा कि इसकी सब की शिकायत मुख्यमंत्री एवं सांसद से शीघ्र ही की जाएगी।

### चलती ट्रेन में मोबाइल छीना, युवक घायल

**भिलाई।** चलती ट्रेन से मोबाइल छीनकर कूदना युवक को काफी महंगा पड़ गया। ट्रेन की रफ्तार अधिक होने से युवक पटरी जा टकराने का मामला सामने आया है। घटना में युवक को काफी चोट आई है। जीआरपी ने युवक को अस्पताल उपचार के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के पीड़ित ओमकार लोकल से रायपुर जा रहा था। इस दौरान अन्य युवक भी उसके साथ ट्रेन में चढञा था। ट्रेन जैसे ही दुर्ग स्टेशन छोड़ी और आगे बने वायशेप ब्रिज को पार करती आरोपी युवक ओमकार के मोबाइल को छिनकर चलती ट्रेन से कूद गया। ओमकार ने गेट से झांककर देखा युवक पटरी के किनारे गिरा पड़ा मिला। पीड़ित ओमकार ने तुरंत ट्रेन का चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोका। दौड़कर युवक के पास गया और अपना मोबाइल लिया। ट्रेन की रफ्तार अधिक होने से आरोपी को काफी चोटे आई। सूचना दुर्ग जीआरपी को दी गई है।

## एचएमएस ने निदेशक प्रभारी को सौंपा ज्ञापन, बिजली बहाली व दोनों टाइम जलापूर्ति की मांग

# टाउनशिप में जलापूर्ति के समय बिजली हो रही बाधित, लोगों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गर्मी बढ़ने के साथ ही टाउनशिप में पानी की समस्या भी बढ़ती जा रही है। जलापूर्ति के समय बिजली बाधित होने और एक टाइम पानी की आपूर्ति होने से लोगों को परेशानी हो रही है। समस्या के निदान के लिए यूनियनों ने प्रबंधन पर दबाव बनाना शुरु कर दिया है। हिंद मजदूर सभा एचएमएस यूनियन के अध्यक्ष एचएस मिश्रा ने भिलाई इस्पात संयंत्र के निर्देशक प्रभारी को ज्ञापन देकर टाउनशिप में जलापूर्ति के समय बिजली आपूर्ति बाधित होने के अनुचित बताते हुए समस्या के निदान की मांग करते हुए आगाह किया है कि असंतोष बढ़ने से आंदोलन की स्थिति निर्मित हो सकती है। समस्या के जल्द निदान की मांग की गई है। यूनियन के अध्यक्ष एचएस मिश्रा ने ज्ञापन में बताया कि जलापूर्ति के समय बिजली बाधित किया जाना न्यायपूर्ण व्यवस्था नहीं है। लंबे समय से भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा होली के बाद पूरे गर्मी के मौसम के दौरान प्रातः पेयजल की आपूर्ति किये जाने के दौरान एक घंटे तक बिजली की आपूर्ति रोक दी जाती है। यह जनहित में अच्छा कदम नहीं है। इसके व्यावहारिक, तकनीकी और कानूनी पहलुओं पर उतनी बारीकी से गौर नहीं करने से नागरिकों में असंतोष बढ़ता है। पूर्व में भी ऐसा कई बार हो चुका है जबकि प्रबंधन ने राजनीतिक दबावों में या तो बिजली काटना बंद किया है या फिर जलापूर्ति का समय बढ़ाया है। कुछ समय पहले भिलाई में घरों में महीनों गंदा पीने का पानी प्रबंधन द्वारा आपूर्ति किया गया था। इस कारण लोग अवैध रूप से टाउनशिप क्षेत्र में जगह जगह बोरिंग करते जा रहे हैं तो दूसरी तरफ घरों में पानी के प्रवाह की गति कम होने के कारण लगातार हर घर में सामान्य या अति उच्च क्षमता के पानी खींचने वाले मोटर लगाने मजबूर हैं।



### जल कर वसूली के बाद भी एक टाइम पानी

तीन मंजिला मकानों में 24 यूनिट में लोग रहते थे और कभी भी गर्मियों में पानी की किल्लत नहीं होती थी। पानी दोनों समय यानी सुबह और शाम की पाली में दिया जाता था। कुछ स्थानों पर तो चौबीसों घंटे पानी की व्यवस्था रहती थी। सुबह 6 से 8.30 बजे तक और इसी तरह शाम 5 से 6 बजे तक पानी की आपूर्ति की जाती थी। ऐसे समय में भी प्रबंधन द्वारा जलापूर्ति के लिए बड़ी ही निम्नतम राशि शुल्क के रूप में ली जाती थी। प्रबंधन अपने क्षेत्र में निवास करने वालों को उचित रूप से पेयजल प्रदाय कर पाने में असमर्थ क्यों है। आज जबकि प्रबंधन के पास अत्यंत कम कर्मचारी रह गए हैं और भरपूर राशि जल कर के रूप में प्रबंधन द्वारा वसूली की जाती है, तब केवल एक सुबह पाली में जलापूर्ति करते समय भी बिजली की आपूर्ति बाधित कर दिया जाना न्यायसंगत व्यवस्था नहीं है। बिजली का शुल्क वसूल करता है तो पानी के बहाने बिजली कटौती का उपक्रम क्यों किया जा रहा है। प्रबंधन से जलापूर्ति के समय बिजली बाधित की समस्या के निदान व पेयजल समस्या दुरुस्त किए जाने की मांग की गई है।

### अवैध बहुमंजिला मकानों में बोरिंग

एचएमएस यूनियन ने बताया कि घर घर में इतनी मोटर लग गयी है। तिजिलों में ऊपर रहने वाले परिवारों को पानी मिल पा रहा है। आज बहुमंजिला बिल्डिंगों की संख्या पूर्व की अपेक्षा काफी कम हो चुकी है। जलापूर्ति कम होने से लोग कूलर की जगह घरों में एसी लगाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। प्रबंधन द्वारा शहर विद्युतीकरण व्यवस्था में संयंत्र कार्यालयों व प्रतिष्ठानों या अस्पतालों को छोड़कर एसी लगाने की अनुमति नहीं है और ना ही प्रदत्त घरेलू वायरिंग में ऐसा संभव है। लेकिन कूलर की व्यवस्था से हटकर स्वयं अवैध एसी की व्यवस्था तैयार करने के जिम्मेदार बनते जा रहा है। टाउनशिप में अवैध बहुमंजिला मकान बनाकर रहने वालों ने अपने मकानों में ही बोरिंग करवा रखी है। भारी मोटर से पानी भी खींच रहे हैं। अवैधानिक हॉस्टल प्रबंधन द्वारा निर्मित मकानों में चल रहे हैं। यूनियन अध्यक्ष मिश्रा ने बताया कि सांसद की पहल पर पेयजल आपूर्ति के लिए पानी की व्यवस्था की गयी है। फिर भी प्रबंधन द्वारा बिजली कटौती जारी है और पेयजल आपूर्ति नहीं बढ़ाई गयी है।

## देश की उन्नति में व्यापारियों का हमेशा रहा है योगदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

होटल अमित पार्क में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा स्तरीय व्यापारी सम्मान समारोह में विधायक वैशाली नगर रिकेश सेन ने शहर के नामचीन 50 से अधिक व्यावसायियों को सम्मानित किया। श्री सेन ने सैकड़ों की संख्या में मौजूद व्यापारियों को कहा कि देश की उन्नति और प्रगति में व्यापारी वर्ग का अभिन्न योगदान रहा है। वैशाली नगर में आप लोगों ने मतदान कर मुझे पार्षद चुना और लगातार 25 वर्षों तक अलग-अलग वार्ड के विकास का मुझे अवसर दिया। आप लोगों ने ही मुझे 41 हजार मतों से विजयी बना कर विधायक बनाया। इस बार का चुनाव काफी महत्वपूर्ण इसलिए भी है क्योंकि मोदी को हम सभी तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में चुनने जा रहे हैं। मोदी को और भी मजबूत करने के लिए हम सभी को विजय बघेल को भारी मतों से जीताना है इसलिए 7 मई को हर व्यापारी बंधु अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। वैशाली नगर विधानसभा से विजय बघेल को एक लाख मतों की लीड दिलाने का लक्ष्य हम सभी ने लिया है और इस लक्ष्य को व्यापारी बंधुओं के सहयोग से हम जरूर पूरा करेंगे। इस दौरान सुपेला संडे मार्केट के व्यवसायियों ने मार्केट को जाम से मुक्ति दिलाने विधायक रिकेश का सम्मान किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, भाजपा श्रमिक नेता प्रभुनाथ मिश्रा, संजय बघेल, शिव चंद्राकर, चेम्बर आफ कामर्स से अजय भसीन, गारगी शंकर मिश्रा, चिन्ना राव सहित अनेक व्यापारी बंधु व उद्योगपति उपस्थित थे।

- विधानसभा स्तरीय व्यापारी समारोह में शहर के 50 से अधिक व्यापारियों का विधायक रिकेश ने किया सम्मान

## नाबालिग के अपहरणकर्ता को तीन साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नाबालिग को बहला फुसलाकर उसे अपने साथ ले जाकर उसके साथ शारीरिक छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को न्यायालय दुर्ग ने सजा सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ एफटीसी संगीता नवीन तिवारी की न्यायालय ने आरोपी शुभम सातपुते को धारा 366 के तहत 3 वर्ष सश्रम कारावास ,500 रुपए अर्थदंड और धारा 420 के तहत 3 वर्ष सश्रम कारावास, 500 रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई है। मिली जानकारी के मुताबिक कक्षा 12 वीं की 17 वर्षीय छात्रा को आरोपी शंकर नगर गली नंबर 2 छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश निवासी शुभम सातपुते 21 वर्ष 5 जुलाई 2021 को बहला फुसलाकर अपने साथ भगाकर छिंदवाड़ा एमपी लेकर गया था। आरोपी ने एक परिचित के घर ले जाकर किशोरी के साथ शारीरिक छेड़छाड़ की थी। इसके बाद आरोपी ने किशोरी को शादी का झांसा देते हुए उसे मंगलसूत्र, दो जोड़ी सोने की इयररिंग, सोने का रानी हार ले लिया। उसे गिरवी रख दिया था। विशेष लोक अभियोजक संतोष कसार ने बताया कि किशोरी के अचानक घर से लापता हो जाने पर परिवार वालों ने कोतवाली थाना दुर्ग पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी।

- दुर्ग न्यायालय ने 3 वर्ष का सश्रम कारावास का सुनाया फैसला

## सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल देखने पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बेमेतरा जिले के कठिया ग्राम में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना घटी जिसमे चार बच्चों एवं पांच महिलाओं की मौत घटना स्थल पर हो गई एवं ग्यारह लोग गम्भीर रूप से घायल है जिनमे कुछ को बेमेतरा जिला अस्पताल में भर्ती किया है कुछ को रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में भेजा गया है।

इस दर्दनाक हादसे पूरा छत्तीसगढ़ में मातम छा गया है। खबर मिलते ही दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहु एवं बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र की प्रभारी एवं भिलाई नगर निगम की प्रथम महापौर सुश्री नीता लोधी जिला बेमेतरा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बंशी पटेल बेमेतरा जिला अस्पताल पहुँचकर घायलो का कुशलक्षेम पूछा और घटना देर रात ढाई बजे की बताई जा रही है एवं गाड़ी में करीब 50 लोग सवार थे। इस दर्दनाक हादसे पर दुख जताते हुए दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेसी प्रत्याशी राजेंद्र साहू ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा यह बहुत दुखदाई घटना है भगवान मृतकों के परिजनों को दुख सहने की सहनशक्ति प्रदान करे।

## फर्जी अंक सूची के जरिए अनुकंपा नियुक्ति लेने वाले के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी में अनुकंपा नियुक्ति के लिए फर्जी अंकसूची पेश कर नौकरी पाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420,467, 468, 471 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भट्ठी टीआई विपिन रंगारी ने बताया कि गुंडरदेही बालोद निवासी मंथीर राम टंडन ने एसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें बताया गया था कि उसके पिता लैनू राम टंडन बीएसपी के कोक ओवन विभाग में सीनियर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे। वर्ष 1990 पिता मेडिकल अनफिट हो गए। इसके चलते छोटा भाई पुरई उतई निवासी किशन लाल ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन लगाया। तब उसने 10 वीं पास का अंकसूची लगाया था। जबकि भाई 10 वीं की परीक्षा में फेल हो गया। लेकिन फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर छोटा भाई किशन लाल ने बीएसपी में नियमित कर्मचारी के रूप में एमएम सिविल मेंटनेस विभाग सेक्टर 9 अटेंण्डेंट सिविल के पद नियुक्ति मिली। पुलिस ने पूरे मामले की जांच कर किशन लाल ने अंक सूची फर्जी पाया गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## खुर्सीपार क्षेत्र में प्रेमप्रकाश ने किया सघन जनसंपर्क, मांगा समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग लोकसभा में फिर इस बार विकास का कमल खिलने जा रहा है, यहां भाजपा की जीत निश्चित है। जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व पर मुहर लगा दी है, निश्चित ही उनको तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर देश को प्रगति मार्ग पर आगे बढ़ायेगी। पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में खुर्सीपार क्षेत्र में जनसंपर्क कर लोगों से भाजपा को वोट देने का आग्रह किया जिस पर लोगों ने पूरे उत्साह के साथ भाजपा को अपना समर्थन दिया।

श्री पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार सबके कल्याण के बारे में सोचती है, सब सुखी रहे इसको लेकर कार्य करती है। गरीबों की चिंता करती है, ऐसी सरकार को हमें फिर से लाना है, फिर से हमें मोदी सरकार बनाना है। उन्होंने कहा कि हमारे बच्चे शिक्षित हो, परिवार स्वस्थ्य हो, लोगों को रोजगार मिले, इस तरह के कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विगत 10 वर्षों में देश का जो विकास हुआ है वह सबके सामने है। हर वर्ग के लिए सरकार द्वारा कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जनसंपर्क के दौरान एसएन सिंह, राजेंद्र अरोरा, संजय दानी, विनोद सिंह, श्यामसुंदर राव, पीयूष मिश्रा, योगेंद्र सिंह, वीणा चंद्राकर, सरिता बघेल, जयशंकर चौधरी, अनिल सोनी, निर्मल साहू, मेघा कौर, अकबर अली, प्रकाश यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित थे।

## गीला, सूखा अलग-अलग होने पर ही कलेक्शन

# मिक्स कचरा देख आयुक्त ने दिखाए तेवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गीला और सूखा मिक्स कचरा देने वालों से निगम सख्ती से पेस आ रहा है। आयुक्त मोनिका वर्मा की उपस्थिति में सोमवार को आजाद मार्केट वार्ड में कर्मियों ने डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किया।आयुक्त ने मिक्स कचरा देने वालों को कड़ी फटकार लगाते कहा कि अलग अलग कचरा देने पर ही निगम की गाड़ी कचरा लेगा।

प्रगति नगर क्षेत्र की डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था देखने आयुक्त कर्मियों के साथ निकली। घरों से निकलने वाले कचरा का पहले वे अवलोकन करती, निर्देश के बाद ही स्वच्छता दूत कचरा को गाड़ी में डाल



रहे थे। कई लोग ऐसे थे जिन्हे मिक्स कचरा के नाम पर आयुक्त की डाट भी खानी पड़ी। हल्का मिक्स कचरा मिलने पर घरों के सामने डस्ट बीन को पहले खाली किया गया। किस तरह से कचरा अलग अलग रखना है उसे बताया गया। वही कई लोगों को यह कहते आयुक्त ने फटकार लगाई कि जब तक गीला सूखा कचरा नहीं मिलेगा कर्मी कचरा नहीं लेंगे। लगातार समंझाइस के बाद भी डोर टू डोर व्यवस्था में सुधार नहीं आने पर आयुक्त ने पहले सुपरवाइजर की क्लास ली। काम नहीं करने पर वेतन कटौती के निर्देश दिए। आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि जो गीला सूखा कचरा अलग अलग नहीं देते हैं उनके घर से कचरा लेना बंद कर दे। अगर कोई घर का कचरा सड़क व नाली में फेकता है तो उससे जुर्माना भी ले। मिक्स कचरा देने वालों का नाम सूची बद्ध किया जा रहा है। अब तक 30 से ज्यादा नाम नोट किया गया है। आयुक्त ने निर्देश दिए है कि ऐसे लोगों को अंतिम चेतावनी दी जाए। इसके बाद भी असर नहीं होने पर कचरा लेना बंद कर नाम सार्वजनिक किया जाए।

### सी ग्रेड मिलने पर सुपरवाइजर जिम्मेदार

आयुक्त ने डोर टू डोर व्यवस्था की निगरानी करने तीन चरणों में अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। स्वच्छता दूत के ऊपर सहयोगी। सहयोगी के ऊपर नोडल निगरानी कर रहे है। एस एल आर एम सेंटर में कचरा गाड़ी को ग्रेडिंग देने अलग टीम है। पूर्ण रूप से मिक्स कचरा होने पर सी ग्रेड दिया जाता है। सी ग्रेड होने पर संपूर्ण जिम्मेदारी वार्ड सुपरवाइजर की होगी।

## रेलवे ने दी 58 स्पेशल ट्रेनों की सुविधा

**भिलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 58 स्पेशल ट्रेनों की सुविधा यात्रियों को दिया है। जिसमें तीन अप्रैल, मई ,जून में स्कूली बच्चों की छुट्टियाँ शुरू होती है। शादी ब्याह त्योहारों का भी समय होता है। ऐसे में स्टेशनों, ट्रेनों में यात्रियों की भीड़-भाड़ अधिक होती है। इन सभी को ध्यान में रखकर रेलवे ने रेल यात्रियों की सुविधा के लिए योजनबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्यों के प्रमुख शहरों के निवासियों के लिए ट्रेनों की सुविधा दी है। जिसमें ये ट्रेनें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र शहरों से सम्बलपुर, पुरी, विशाखापट्टनम, सिकंदराबाद, हैदराबाद, पटना, हटिया, रक्सौल, छपरा, जबलपुर, मदुरै आदि शहरों को जोड़ रही है। दुर्ग से छपरा, दुर्ग से पटना तक चलाई जा रही। समर स्पेशल एक्सप्रेस का गोंदिया स्टेशन तक विस्तार किया गया है। इन ट्रेनों के विस्तार से न सिर्फ महाराष्ट्र राज्य के अंतर्गत प्रमुख शहर गोंदिया के निवासियों को उत्तर भारत के प्रमुख शहरों के लिए सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़ के निवासियों को भी गोंदिया तक आवागमन के लिए ट्रेन की सुविधा मिलेगी।

- दुर्ग-छपरा, दुर्ग-पटना समर स्पेशल एक्सप्रेस

**बिलासपुर से यशवंतपुर के लिए स्पेशल ट्रेन:** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर से यशवंतपुर तक 30 अप्रैल से 9 फेरों के लिए समर स्पेशल ट्रेन की सुविधा। इस ट्रेन के शुरू होने से बिलासपुर, भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगाव, डोंगरगढ़, गोंदिया के निवासियों को दक्षिण भारत की ओर यात्रा के लिए एक अतिरिक्त ट्रेन की सुविधा मिलेगी।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 30 अप्रैल 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

74154-69100, Message at - 9755819129

02



विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के दौरान...

## लाइव इवेंट

## साइकिल रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक



**भिलाई।** सेल–बीएसपी के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी, दुर्ग के सहयोग से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत इस्पात नगरी भिलाई में मतदान में जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली सिविक सेंटर स्थित महात्मा गांधी कलामंदिर से प्रारंभ होकर आदर्श इस्पात ग्राम देवबलोदा के पुरातात्विक शिव मंदिर प्रांगण पर पहुंची। वहां से वापस कलामंदिर लौटकर रैली का समापन हुआ। मतदाता जागरूकता विषयक इस साइकिल रैली को महात्मा गांधी कलामंदिर प्रांगण में संयंत्र के कार्यपालक निदेशक समीर स्वरुप ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का नेतृत्व कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने किया। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक एसके सोनी, ओए के महासचिव परविंदर सिंह सहित संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने रैली को रवाना किया।

■ भिलाई से देवबलौदा तक लगता रहा जनजागरण का नारा

### आला अफसर हुए रैली में शामिल

पवन कुमार के नेतृत्व में कलामंदिर से रवाना हुई इस साइकिल रैली में मुख्य महाप्रबंधक रावघाट अरूण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक तुषार कांत, महाप्रबंधक वीसी शेखर, महाप्रबंधक एमडब्ल्यूआरएम अजीत कुमार गुप्ता, उप महाप्रबंधक यूआरएम एसके पाटीदार, उप महाप्रबंधक प्रताप शेखर नायक, उप महाप्रबंधक रेणु गुप्ता, सहायक महाप्रबंधक योगेश कुमार वर्मा, सहायक महाप्रबंधक अभिलाष गुप्ता, सहायक महाप्रबंधक अभिषेक श्रीवास्तव, सहायक महाप्रबंधक पुनीत कुमार वर्मा, सहायक महाप्रबंधक शैलेश तिलासी सहित सेवानिवृत्त कर्मचारी आर मूर्ति व आरएस सिंह तथा हरभजन गिल, स्मिता भट्टाचार्य, चंदन बघेल, अंशुल सगनानी ने भी रैली में भाग लेकर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त रैली में जिला प्रशासन के अधिकारी, इस्पात नगरी के नागरिक भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारी व कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। दुर्ग जिले में अधिक संख्या में मतदान को सुनिश्चित करने के लिए बीएसपी, जिला प्रशासन के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है।



### मतदान के लिए नागरिकों को दिलाई शपथ

**भिलाई।** पर्यावरण मित्र मंडल ने रविवार परिवार चौक (सिविक सेंटर) के पास दुर्ग पुलिस की ओर से मतदान के लिए शपथ ग्रहण व जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया। जिसमें पर्यावरण मित्र मंडल अपना सहभागिता निभाई और लोगों को अपना नैतिक दायित्व समझ मतदान करने के लिए जागरूक किया। इस अभियान में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, आईजी ,एसपी, डीएसपी के साथ अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर अभियान में पर्यावरण मित्र मंडल के दीपेश वर्मा, एसके सेन, जीपी तिवारी ,सियाराम कश्यप ,बालू राम वर्मा, मारुति शंकर बल ,डीपी चौधरी ,संजय महाजन, मनोज चौबे, कैलाश जोशी आदि उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

## मॉडर्न नहीं भारतीय संस्कृति व संस्कार के परिचायक बनें : गजेंद्र



**दुर्ग।** भारत विकास परिषद के नवगठित पदाधिकारियों व सदस्यों का दायित्व ग्रहण समारोह आयोजित हुआ जहाँ बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे विधायक गजेंद्र यादव ने समाज और धर्म के बारे में प्रेरित करने वाला उदबोधन दिये। भारतीय संस्कृति और मान्यताओं का वर्णन करते हुए वर्तमान समय में शादी ब्याह और जन्मोत्सव में सामाजिक फूहड़ता को नियंत्रित करने विधायक गजेंद्र ने अपील किये। नवीन कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण में अध्यक्ष सीए सुरेश कोठारी, सचिव तुलसी सोनी और कोषाध्यक्ष सीए हर्ष जैन ने उपस्थितजनों के समक्ष दायित्व लिए। स्वास्थ्य, शिक्षा और वनाँचल क्षेत्रों भारतीयता के लिए कार्य करने वाली परिषद के दायित्व ग्रहण में विधायक गजेंद्र यादव ने घर परिवार के आयोजन व रस्मों में पंचतत्व की महत्ता की जानकारी देते हुए भारतीय संस्कृति के अग्नि ज्योति, योग और रहन सहन पर चर्चा करते हुए मॉर्डन के नाम पर बदलते हुए सामाजिक परिदृश्य पर चिंतन कर मॉडर्न नहीं भारतीय संस्कृति एवं संस्कार के परिचायक बने आग्रह किये। इसके पूर्व निवर्तमान अध्यक्ष सुधीर हिशीकर ने कहा कि बस्तर दूरस्थ अंचल के गांव के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किये शिक्षण सामग्री वितरित उनका हौसला बढ़ाये। सुबोध पाण्डेय ने परिषद के पांच सूत्र संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण के बारे में जानकारी दिए। समारोह में बृजेश तिवारी, अंजली लाखोटिया, आशीष चंद्रा, ईश्वर राजपूत, विनायक नातू, अनिकेत यादव , डॉ.अजय गोवर्धन , अनिल डागा, रोशन साहू जी ,कविता छाबड़ा , संजीव दुग्गड उपस्थित रहे।

● अग्नि सुरक्षा विषय पर 'द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया ने किया व्याख्यान

# सुरक्षा के लिए अग्नि प्रबंधन है जरूरी

**भिलाई।** द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया द्वारा वर्तमान परिदृश्य में अग्नि सुरक्षा विषय पर इंजिनियर्स भवन सिविक सेंटर में तकनीकी व्याख्यान संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम, नगर सेना, अग्नि शमन, एसडीआरएफ तथा गृह सचिव थे। विशिष्ट अतिथि बीएसपी कार्यकारी कार्यपालक निदेशक तापस दासगुप्ता थे। विषय विशेषज्ञ एफएसएआई रायपुर अरविंद रस्तोगी व सीईओ फायर शील्ड कोलकाता अमित कुमार उपस्थित थे। अध्यक्षता द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स भिलाई शाखा अध्यक्ष पुनीत चौबे ने की।श्री चौबे ने कहा कि कहा कि अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की परिकल्पना और डिजाइन को बेहतर करने, कार्य निष्पादन की दक्षता बढ़ाने, अग्नि सुरक्षा से जुड़ी नवीनतम तकनीक की जानकारी एवं उन्हें नई परियोजना में समावेश किया जा सके, इसके ध्यानाकर्षण के लिए आयोजन किया गया है।

### अग्नि से सृजन भी है तो विनाश भी: गौतम

गौतम ने कहा कि ऋग्वेद के पहले श्लोक की शुरुआत अग्नि से होती है। उन्होंने कहा कि अग्नि से जीवन का आरंभ है और अंत भी है। उन्होंने कहा कि पूरी जीवन व्यवस्था और मनुष्य के शरीर की सारी प्रक्रिया अग्नि के संतुलन पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि अग्नि से सृजन भी है तो विनाश भी है। अतः जीवन व्यवस्था के सुचारू संचालन में अग्नि का प्रबंधन एक बहुत ही अहम विषय है। अरुण गौतम ने कहा कि आग से जुड़ी छोटी से छोटी घटना के लिए बहुत अधिक सतर्क और जागरूक रहना आवश्यक है। अग्नि सुरक्षा में जागरूकता एवं पहले से सतर्क होने की जरुरत है। सावधानी से उचित कदम उठा लिए जाएं तो बड़ी अग्नि दुर्घटना होगी ही नही।





### बताए बचाव के उपाय

अमित कुमार गुप्ता ने अपने प्रस्तुतिकरण में आग लगने के कारक घटकों की जानकारी और उनसे बचाव के सुरक्षा उपायों के बारे में बताया। इस अवसर पर बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक जीएम प्रवीण राय भल्ला, एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट पवन कुमार जोशी, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के संयुक्त संचालक सूर्यभान सिंह, जोन कमिश्नर अमिताभ शर्मा और एस डी आर एफ के जिला सेनानी नागेंद्र सिंह, बीएसपी के उप मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजय धवस, पूर्व अध्यक्ष पीके तिवारी, बीपी यादव, शिखर तिवारी, कार्यकारणी सदस्य अजय साहू वीके श्रीवास्तव, संजीव सोनी निशांत यादव, इ भिलाई शाखा के सदसेय उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अस्मिता मुखर्जी और आभार प्रदर्शन बसंत साहू ने दिया।



### सुरक्षा बीएसपी की प्राथमिकता

तापस दासगुप्ता ने कहा कि अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूक होना बहुत आवश्यक है। सुरक्षा में चूक होना जीवन और मृत्यु के बीच एक बहुत महत्वपूर्ण कड़ी है। बीएसपी के सभी कार्मिकों और संविदा कर्मियों, ठेका मजदूरों को नियमित रूप से अग्नि सुरक्षा के बारे में प्रशिक्षित किया जाता है। उन्होंने कहा कि अग्नि सुरक्षा बीएसपी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम नवीनतम फायर उपकरण तथा तकनीक का उपयोग करने पर बल देते हैं। अच्छी हाउस कीपिंग जरुरी है।

### प्रस्तुतिकरण से किया जागरुक

अरविंद रस्तोगी, फायर एंड सिक्योरिट एसोसिएशन एफ एस ए आई ने वर्तमान परिदृश्य में अग्नि सुरक्षा से जुड़े तथ्यों और घटनाओं पर प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने अग्नि दुर्घटनाओं की सिलसिलेवार जानकारी दी। उन्होंने सभी दुर्घटनाओं के कारणों का विश्लेषण प्रस्तुत किया और उनसे प्राप्त सीख को श्रोताओं से साझा किया। श्री रस्तोगी ने इन सभी घटनाओं के परिणाम स्वरूप अग्नि सुरक्षा के बारे केंद्र व राज्य शासन द्वारा लिए गए कदम की भी जानकारी दी।

## मिट्टी की बोतल...



**भिलाई।** ट्विनसिटी के बाजार में इस बार मिट्टी से बनी बोतल के साइज बाजारों में उपलब्ध है। जो लोगों को खूब आकर्षित कर रहे है। बाजार में इस बोतल की भारी डिमांड देखी जा रही है। *(फोटो संजय पांडेय)*

# कवियों ने किया कविता पाठ

**भिलाई।** मुक्तकंठ साहित्य समिति एवं बंगीय साहित्य संस्था द्वारा हिंदू मिलन मंदिर प्रगति नगर में साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि साहित्यकार व रिटायर सेलटेक्स कमिश्नर डां. महेन्द्र कुमार ठाकुर थे । कार्यक्रम की अध्यक्षता मुक्तकंठ साहित्य समिति के अध्यक्ष गोविंद पाल ने की। विशिष्ट अतिथि एसपी नरेंद्र कुमार सिक्केवाल व बंगीय समिति के अध्यक्ष व बाणी चक्रवर्ती व साहित्यकार रजनीकांत श्रीवास्तव व हिंदू मिलन मंदिर के अध्यक्ष अतनु बनर्जी साहित्यकार प्रदीप भट्टाचार्य थे। अतिथियों ने महेंद्र ठाकुर का सम्मान व मुख्य अतिथि ने बुलेटिन का लोकार्पण किया। संचालन महासचिव ओमप्रकाश शर्मा ने किया। इसके बाद सुजाता सेन, स्मृति दत्ता, सोमाली शर्मा, सुरेश बंछोर, हाजी रियाज़ खान गौहर, डॉ नौशाद सिद्दिकी, जीवन हालदार, ओम प्रकाश जयसवाल, प्रकाश चन्द्र मंडल, डॉ बीना सिंह 'रागी', नीलकंठ देवांगन, पल्लव चटर्जी, ब्रिजेश मल्लिक, दुलाल समाद्दार, वासुदेव भट्टाचार्य, पुलिन बिहारी पाल, समरेन्द्र बिश्वास, ओमवीर करण, रीत सिंह, ओमप्रकाश शर्मा आदि ने कविता पाठ किया। इसके अलावा श्रोताओं व दर्शक के रुप में सुबीर राय आदि उपस्थित थे। कोषाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र आभार व्यक्त किया।

मुक्तकंठ समिति का कार्यक्रम



## चुनौतियों का सामना करने आंतरिक शक्ति सबसे बड़ी पूंजी

# काम, क्रोध, मोह, मत्सर से मुक्त हो जाना ही मोक्षः स्वामी निरंजन महराज

कार्नर न्यूज



**भिलाई। दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम बोरई में श्रीमद्भागवत कथा चल रहे हैं, जिसमें महराज जी बता रहे हैं, कि जब तक हमें जीवन से मिली सौगातों के प्रति धन्यवाद का भाव नही आयेगा हम कभी खुश नही हो सकते। परिस्थितियों को जिस दृष्टिकोण से देखेंगे हम वही महसूस करने लगते हैं। संसार की रचना में समता का भाव है, हमारा विचार है जो भेद कर लेता है। सबके लिए चुनौतियां भी है और अवसर भी।**



### ग्राम बोरई में जारी है श्रीमद्भागवत कथा

कोई धन से सुखी तो तन से दुखी है, हर पल चुनौतियों से भरा है जिसके लिए आंतरिक शक्ति की जरूरत होती है। जीवन में शुभ संकल्प हो, कल्याण की भावना हो तो सागर का भी मंथन कर अमृत प्राप्त किया जा सकता है। दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम बोरई में दीपक यादव परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित भागवत कथा सप्ताह के गजेंद्र मोक्ष, सागर मंथन कथा संदर्भ में उक्त बातें कही। कथा को विस्तार देते हुए स्वामी निरंजन ने कहा कि गजेंद्र जो अपने आप को महाबली होने का दंभ था परिवार का बल का अभिमान था विपरित परिस्थिति में असहाय हो जाता है और समर्पित भाव से जब नारायण को याद करता है प्रभु तत्काल उनकी सहायता करने पंहुच जाते हैं। मैं, मेरा से भरे हृदय में नारायण का निवास नही हो सकता। काम, क्रोध, मोह, मत्सर से मुक्त होकर भगवत शरण हो जाना ही मोक्ष है। हमारा अपका जीवन भी सागर है,जहां अमृत भी है, रत्न भी है, सुर, सुरा और जहर भी है। अपने-अपने कर्मों से मंथन भी करते रहते हैं और कर्म अनुकूल मिलने वाली फल का व्यवहार गत ग्रहण करते रहते हैं। जिसके आचरण में दया, करुणा, शील, क्षमा, परोपकार की भावना होता है वह अमृत का भागी हो जाता है। यानि कर्म और व्यवहार ऐसा हो कि हमेशा अमृत पान का अहसास होता रहे। इसमें उपस्थित शेषनारायण-राधिका यादव, परमानंद मूर्ति यादव, सुतिक्षण-तृष्णा यादव, रविशंकर-नेहा यादव, शिवानंद -तृप्ती यादव, गजल-विनीता यादव, मीनु-मनोज यादव, शशि-रामअवतार यादव, करुणा-वेगेश्वर यादव, कावेरी-रविन्द्र यादव, सुकृती- सुरेन्द्र यादव, माधुरी-कमलकान्त यादव सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

# शिरोमणि पुरस्कार से नवाजे गए कोकओवन के कर्मचारी



**भिलाई।** सेल-बीएसपी में शिरोमणी पुरस्कार योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट तथा अनुकरणीय कार्य निष्पादन के लिए शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसी के तहत संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में सोमवार को पाली व कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक तरूण कनरार उपस्थित थे। समारोह में जनवरी से मार्च 2024 तिमाही के लिए कनिष्ठ अधिकारी बसंत लाल बंजारे को पाली शिरोमणी पुरस्कार से नवाजा गया तथा मार्च 2024 के लिए मास्टर ऑपरेटर दीपक कुमार प्रजापति एवं चिकेंद्र कुमार ठाकुर को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार विजेताओं को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र तथा उनके जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। कनरार ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को सुरक्षा को प्राथमिकता देकर इसी तरह लगन से कार्य करने रहने तथा अपने अधीनस्थ कार्मिकों को भी कार्य में निपुण करने के लिए प्रेरित किया। इस समारोह में महाप्रबंधक समीर रायचौधरी, महाप्रबंधक पीवीवीएस मूर्ति, महाप्रबंधक झगर सिंह, महाप्रबंधक बीसी मंडल, महाप्रबंधक एसके पंचभाई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। संचालन कार्मिक अधिकारी एम तन्मई द्वारा किया गया।

## स्पोर्ट्स लाइव

# टी-20 मैच में प्लेट कंबाइंड को महासमुंद ने 3 रनों से हराया



**भिलाई।** सीएससीएस आयोजित टी-20 एलीट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत सोमवार को खेले गए बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-10 टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन एवं रायपुर ब्लू के बीच खेला गया। जिसमें रायपुर ब्लू ने यह मैच 6 विकेट से जीता। दूसरा मैच महासमुंद विरुद्ध प्लेट कंबाइंड के बीच खेला गया। जिसमें महासमुंद ने यह मैच 3 रन से जीता। तीसरा मैच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम रायपुर में रायपुर विरुद्ध दुर्ग के बीच खेला गया। जिसमें रायपुर ने यह मैच 61 रन से जीता। दूसरा मैच बीएसपी विरुद्ध जशपुर के बीच खेला गया। जिसमें बीएसपी ने यह मैच 68 रन से जीता।

### आज खेले जाएंगे

मंगलवार को खेले जाने वाले मैच बीएसपी ग्राउंड सेक्टर-10 महासमुंद विरुद्ध भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन, दूसरा मैच रायपुर ब्लू विरुद्ध बिलासपुर ब्लू के बीच खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम रायपुर दुर्ग विरुद्ध जशपुर व बीएसपी विरुद्ध बिलासपुर के बीच खेला जाएगा। वूमेन अंडर-19: वूमेन'स अंडर 19 एक दिवसीय चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत मंगलवार को खेले जाने वाले मैच बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 सीएससीएस ईस्ट विरुद्ध सीएससीएस साउथ एवं आरडीसीए रायपुर में सीएससीएस नॉर्थ विरुद्ध सेंट्रल जोन।

## एजुकेशन इवेंट

# एबीए से मिली आईटी व सिविल ब्रांच को मान्यता, मिलेगा लाभ



**भिलाई।** नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रेडिटेशन (एनबीए) ने रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज के कंप्यूटर साइंस, इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटी) और सिविल ब्रांच को एक्रेडिटेशन दे दिया है। इसका मतलब यह है कि हमारे विद्यार्थियों को मिलने वाली डिग्री की मान्यता अब सिर्फ देश तक ही सीमित नहीं रहेगी, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिलेगी। इससे पहले ब्रांच इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग को यह मान्यता दी गई थी। बता दें कि एनबीए से ब्रांच एक्रेडिटेड होने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नौकरियों की संभावनाएं कई गुना बढ़ जाती है। देश की नामी शैक्षणिक संस्थानों को जिस तरह नैक से ग्रेड हासिल करना जरूरी है उतनी ही जरूरी एनबीए भी है। इससे सीधे तौर पर विद्यार्थियों को फायदा होता है। कैंपस प्लेसमेंट के दौरान आई नामी मल्टीनेशनल कंपनियां एनबीए एक्रेडिटेशन वाले ब्रांच और उनके विद्यार्थियों को विशेष तरजीह देती है। कुछ कंपनियों ने तो इसे अनिवार्य भी कर दिया है। बता दें कि प्रदेश में संतोष रूंगटा ग्रुप ऑफ कॉलेज (आर-1) सहित चुनिंदा निजी शैक्षणिक संस्थानों में ही एनबीए की मान्यता है। उक्त ब्रांच की प्रयोगशाला, अनुभवी प्रोफेसर्स प्रोजेक्ट, रिसर्च हब जैसे दर्जनों मापदंडों को पूरा करने के बाद ही एनबीए ब्रांच को एक्रेडिटेशन देता है। इस उपलब्धि पर ग्रुप चेयरमैन संतोष रूंगटा ने हर्ष व्यक्त किया।

## स्वरूपानंद महाविद्यालय के प्रत्येक विभाग द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन

# विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के दौरान ग्रामीण उद्यमिता का दिया गया व्यावहारिक ज्ञान

**भिलाई।** शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिये महत्वपूर्ण है ये भ्रमण विद्यार्थियों को अपने व दूसरे के अनुभव से सीखने का अवसर मिलता है। विद्यार्थी जब किसी स्थान पर जाते है तो प्रत्यक्ष देखकर व अनुभव कर सीखते है। स्वरूपानंद महाविद्यालय के प्रत्येक विभाग द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया जाता है। इसी तारम्य में बायोटेक्नॉलाजी, रसायनशास्त्र व गणित विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन राजनांदगांव जिले के ग्राम संडी व चवेली में आयोजित हुआ।



### महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर



पद्मश्री फूल वासन ने बताया कि गृह उद्योग का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण असहाय, विधवा, परित्यक्ता महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है जिससे वे सम्मान से अपना जीविकोपार्जन कर सकें उन्होंने बताया कौन बनेगा करोड़पति से प्राप्त राशि का उपयोग असहाय महिलाओं के लिये आश्रम बनाने के लिए कर रही है यहाँ औषधीय तेल व दवाईयाँ भी बनाई जाती है। वहां विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ के स्वाद से भरपूर भोजन कराया गया। विद्यार्थियों ने ग्रामीण महिलाओं के संघर्ष व उनके जिजिविशा को देखा साथ ही शुद्धता के साथ मसाले व दवाईयाँ कैसी बनाई जाती है। वह भी देखा जो उन्हें समाज से जोड़ता है उनकी समस्याओं को समाज हल करने के लिये प्रेरित करता है।

### दुग्ध उत्पादन की बारिकियां समझी



सर्वप्रथम विद्यार्थियों को राजनांदगांव जिले में स्थित संडी गांव ले जाया गया। जहां विद्यार्थियों ने मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट को देखा जहां गांव के लोग अपने दूध लेकर आते है वहाँ उनके दूध की गुणवत्ता व शुद्धता की जांच की जाती है, महिला दुग्ध-सहकारी समिति संडी की अध्यक्ष लता वर्मा ने बताया सहकारी समिती द्वारा खोवा, पनीर भी बनाया जाता है। मूल उद्देश्य दूध को प्रोसेस करना है जिससे दूध वितरण के समय खराब न हो।

### देखा महिला समूह का कार्य

ग्राम चवेली में विद्यार्थियों ने मां बम्लेश्वरी सेवा समिती द्वारा संचालित मछली पालन, व मसाला उद्योग की जानकारी प्राप्त की। यहाँ मछली पालन आर्गेनिक तरीके से किया जाता है जहाँ छोटे-छोटे तीन तालाब बनाये गये है। जिसमें मछली का पालन किया जाता है। वहाँ मसाला उद्योग भी है जो आसपास के महिलाओं को रोजगार प्रदान करता है महिलाये वहाँ ऑर्गेनिक तरीके से उत्पादित शुद्ध मसाले तैयार करती है जो उनकी आय का जरिया है।

### शैक्षणिक भ्रमण पाठ्यक्रम का हिस्सा

बॉयोटेक्नॉलाजी विभागाध्यक्ष डॉ. शिवानी शर्मा ने बताया शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम का हिस्सा है इससे छात्र कक्षा के निश्चित पाठ्यक्रम से बाहर निकल कर स्वयं देखकर व अनुभव कर सीखते है वे ग्रामीण परिवेश वहाँ संचालित उद्योग में आनेवाली परेशानियों के साथ ही साथ ग्राम संडी व चवेली में दुग्ध प्रोसेसिंग व मसालों के उत्पादन व वितरण चेनल की जानकारी प्राप्त कर पायेंगे जो भविष्य में स्वयं के स्टार्ट अप प्रारंभ करने में उपयोगी साबित होंगे।

### ये हुए शामिल

महाविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. दीपक शर्मा, प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने शैक्षणिक भ्रमण के लिये विद्यार्थियों को शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा विद्यार्थी अपने दैनिक क्रियाकलापों से मुक्त हो ग्रामीण संस्कृति व वहां संचालित सहकारिता उद्योग से प्रत्यक्ष अवगत होंगे। जिससे उनमें नई दृष्टिकोण का विकास होगा। शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में डॉ. रजनी मुदलियार विभागाध्यक्ष रसायनशास्त्र, सप्रा संजना सोलोमन, अपूर्वा शर्मा बायोटेक्नोलॉजी, मोनिका मेश्राम, सीमा राठौर, स्वाति साहू रसायनशास्त्र, कामिनी वर्मा, मधुपटवा गणित विभाग ने विशेष योगदान दिया।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन

# मार्शल आर्ट्स ग्रेडिंग परीक्षा में छात्राओं को मिला बेल्ट



**भिलाई।** रविवार को मार्शल आर्ट्स की संस्था कारा-कु-जू-बो-काई-कॉन फुल कॉन्टैक्ट कराते द्वारा ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन सेक्टर-9 क्लब के मैदान में संस्था के डायरेक्टर सेंसाई गिरीराव के मार्गदर्शन में सीनियर परीक्षक जेपी राजू, रामकुमार पाण्डेय, गांधी सोनी, भरत साहू, सुभाष सोनी एवं सहायक परीक्षक ईशा गुरुंग की देखरेख में सपन्न हुआ। इस ग्रेडिंग परीक्षा में मुख्य रूप से खिलाड़ियों का स्टैमिना, बॉडी कंडीशनिंग, काता, कुमिते, एटीकांस एवं फुल कॉन्टैक्ट फाइट की पावर और टेकनिक को परखा गया। अंत में सभी सफल छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र और बेल्ट प्रदान किया गया। ग्रेडिंग परीक्षा के सफल छात्र-छात्राओं में ब्राउन बेल्ट द्वितीय तेजस बापत।, ब्राउन बेल्ट प्रथम ए. समीक्षा राव, यलो बेल्ट द्वितीय ग्रंथ रंजन पाटिल, जे.हर्षिता, यलो बेल्ट प्रथम माघी सिंह, अद्वैत तिवारी, राम अग्रवाल, डार्क ब्लू द्वितीय आरव पवार, ऑरेंज बेल्ट गाथा खोबरागडे, शौर्य साहू, रुद्रांश सिंह को मिला।

## ट्विनसिटी का बढ़ाया गौरव

# ऑल इंडिया कल्चरल नेशनल डांस चैंपियनशिप में दिशा प्रथम

**भिलाई।** विगत दिनों नागपुर महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय स्पर्धा आल इंडिया कल्चरल नेशनल डांस चैम्पियनशीप 2024 में तानसेन संगीत महाविद्यालय पदमनाभपुर दुर्ग की छात्रा दिशा यादव ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर ट्विनसिटी का गौरव बढ़ाया। यह छात्रा तानसेन संगीत महाविद्यालय की डांस प्रशिक्षिका चन्द्रकांता ध्रुव से डांस का प्रशिक्षण ले रही है। महाविद्यालय के डायरेक्टर अमित कुमार ने बताया कि विगत सोलह वर्षों में इस महाविद्यालय ने ट्विनसिटी में अपनी अलग पहचान बनाई है अभी तक यहां से 10 हजार विद्यार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण दिया जा चुका है। तानसेन संगीत महाविद्यालय में प्रयाग संगीत समिति इलाहाबाद एवं प्राचीन कला केन्द्र चंड़ीगढ़ तथा गंधर्व महाविद्यालय मुबंई से मान्यता प्राप्त प्राइमरी, जूनियर, एवं सीनियर लेवल एवं इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के डिप्लोमा कोर्सेस कराये जाते है। इस महाविद्यालय में संगीत के कुशल शिक्षकों द्वारा वेर्स्टन डांस, जूम्बा, गिटार, की-बोर्ड, वोकल (गायन), ड्राइंग एवं पेंटिंग, तबला, बासुरी, वाइलिन, माउथ आर्गन, बेंन्जो, एबेकस, वैदिक मैथ्स एवं स्टेनोग्राफी की शिक्षा प्रदान की जाती है। सभी क्लास रूम वातानूकुलित एवं क्लोज सर्किट कैमरे से युक्त है। जिसमें स्थानीय एवं दिल्ली कार्पोरेट स्तर पर नजर रखकर बेहतर शिक्षा के लिए उचित मार्गदर्शन दिया जा सके।



■ तानसेन संगीत महाविद्यालय दुर्ग की छात्रा ने लहराया परचम

## राम प्यारा पारकर स्मृति सम्मान पत्रकार विदानी को

# रामप्यारा का परिवार उनके कामों के साथ उनके नाम पर हर साल करता है सुरता कार्यक्रम

कार्नर न्यूज



भिलाई। निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरू नगर भिलाई में रविवार को सुरता रामप्यारा पारकर सम्मान समारोह आयोजित की गई। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहियकार डॉ. परदेशीराम वर्मा भिलाई, कार्यक्रम की अध्यक्षता बिलासा शिक्षण समिति बिलासपुर के अध्यक्ष बद्री प्रसाद कैवर्त्य तथा विशेष अतिथि के रूप में निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरू नगर भिलाई के उपाध्यक्ष प्रमोद साहू, कला परंपरा के संपादक डॉ डीपी देशमुख, समाजसेवी मुन्नी लाल निषाद तथा लोक कला एवं साहित्य संस्था सिरजन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. दीनदयाल साहू उपस्थित थे। मुख्य अतिथि परदेशीराम वर्मा ने कहा कि इंसान की मौत के बाद लोग उनके कामों को याद करते हैं। लेकिन रामप्यारा का परिवार उनके कामों के साथ उनके नाम पर हर साल सुरता पारकर कार्यक्रम आयोजित करता है, जो वंदनीय है। देश में कोई परिवार ही ऐसा होगा जिन्होंने अपने पुरखा के नाम और उनके काम को संजोकर रखा है ताकि हर समाज में एक पारकर की तरह समाज, परिवार और इंसानियत के लिए काम करने में अग्रणी एक और पारकर का जन्म हो सके।



### महिला जागरण के लिए किए सराहनीय कार्य

अंचल के साहित्यकार एवं समाजसेवी रहे रामप्यारा पारकर की स्मृति में यह कार्यक्रम आयोजित की जाती है। उन्होंने महिला जागरण के लिए काफी कार्य किए। अतः उनकी स्मृति को बनाए रखने के लिए प्रतिवर्ष एक महिला साहित्यकार जो समाजसेवी और साहित्य के जुड़ी हों, ऐसी प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष राम प्यारा पारकर स्मृति सम्मान वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी उत्तरा विदानी महासमुंद को दिया गया। इसके साथ ही उपस्थित कवियों द्वारा काव्य पाठ किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से डॉ. नीलकंठ देवांगन, हेमलाल साहू 'निर्मोही, ओमप्रकाश जायसवाल, हेमलाल नारंग, लालजी साहू, बद्री प्रसाद पारकर, भगवानी पारकर, भागवत निषाद, ब्रीज कुमारी पारकर, मुकुंद प्रसाद पारकर, प्रदीप कुमार पारकर, रामेश्वर निषाद के अलावा कबीर आश्रम से जुड़े सदस्य, समाजसेवी, बुद्धिजीवी व साहित्यकार उपस्थित रहे।

### पारकर सभी लोगों के लिए करते थे कार्य

अध्यक्षता कर रहे बद्री प्रसाद कैवर्त्य ने कहा कि पारकर सभी लोगों के लिए काम करते थे। पेशे से शिक्षक थे तो स्वाभाविक है कि समाज के आधारभूत संरचना को अच्छे से मजबूत बनाने की दिशा में बच्चों को तैयार कर रहे थे। लेकिन उनकी जिम्मेदारी यहीं खत्म नहीं हुई। वे अपने हर पल का हिसाब रखते हुए लोगों को आगे बढ़ाने का काम करते रहे। समाज को संगठित करने का बीड़ा उठाया और हर वो काम किया जो समाज को आगे ले जाने में सहयोग करता हो। जो भी जिम्मेदारी मिली उसे उन्होंने वफादारी से निभाई। डॉ. डीपी देशमुख ने कहा कि बिलासपुर में बिलासा देवी के हाथ में मछली की टोकरी मुझे पसंद नहीं आई। मैं तो यही चाहता हूं एक वीरांगना की तरह जीने वाली बिलासा देवी की आदमकद प्रतिमा में उनके हाथों में मछली की टोकरी नहीं, महारानी लक्ष्मीबाई की तरह तलवार हो।

धर्म दर्शन

# महादेव का त्रिपुंड क्यों हैं चमत्कारी? जानें सही अर्थ




सनातन धर्म में धार्मिक पूजा के दौरान माथे पर तिलक लगाया जाता है। हर देवी-देवता की पूजा में तिलक लगाने की रचना में भी अंतर देखने को मिलता है। ऐसे में हम बात कर रहे हैं शिव पूजा की, जिसमें लगाए जाने वाले तिलक को त्रिपुंड कहते हैं। त्रिपुंड तिलक तीन रेखाओं से मिलकर बना होता है, जिसे चंदन या भस्म से लगाया जाता है। कहते हैं, त्रिपुंड तिलक में एक नहीं बल्कि 27 अलग-अलग देवी-देवताओं की शक्तियां समाहित होती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, त्रिपुंड लगाने से भगवान शिव की कृपा भक्तों को प्राप्त होती है।

**किस रेखा में किस देवी-देवता का स्थान :** त्रिपुंड में कुल 27 देवी-देवताओं का वास हैं, जिसकी हर एक रेखा में 9 देवता विराजित हैं। ज्योतिष शास्त्र की मानें तो त्रिपुंड की पहली रेखा में महादेव, पृथ्वी, ऋग्वेद, धर्म, गार्हपत्य, रजोगुण, आकार, प्रातः कालीन हवन और क्रियाशक्ति देव वास करते है। वहीं, दूसरी रेखा में इच्छाशक्ति, अंतरात्मा, दक्षिणाग्नि, सत्वगुण, महेश्वर, ऊंकार, आकाश और मध्याह्न हवन देवता होते हैं। इसके अलावा त्रिपुंड की तीसरी रेखा में शिव, आहवनीय अग्नि, सामवेद, ज्ञानशक्ति, तृतीय हवन स्वर्ग लोक, तमोगुण और स्वयं परमात्मा का वास होता हैं।

**शिवलिंग पर त्रिपुंड लगाने के विधि :** भगवान शिव को अर्थात शिवलिंग को चंदन, लाल चंदन या अष्टगंध से त्रिपुंड लगाना चाहिए। इसे लगाने के लिए सबसे पहले दाएं हाथ की बीच की उंगली मध्यमा यानी अनामिका से ऊपर की दो रेखाएं बनानी चाहिए। इसके बाद नीचे इसी तरह की रेखा को तर्जनी उंगली से बना देवें। यहां जो ध्यान देने वाली महत्वपूर्ण बात हैं, वो ये हैं कि त्रिपुंड लगाते समय रेखाएं बाएं नेत्र से दाएं नेत्र की तरफ ही लगाएं। यह सभी चीजें शिवपुराण में स्पष्ट रूप से वर्णित हैं।

**त्रिपुंड तिलक लगाने के लाभ :** कहते हैं कि जो भी व्यक्ति अपने माथे पर त्रिपुंड तिलक लगाता है, उसे इसमें समाहित सभी 27 देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इसे लगाने के बाद मन में बुरे विचार नहीं आते हैं। साथ ही मानसिक शांति का अनुभव होता है और व्यवहार में सौम्यता वास करने लगती हैं। जो व्यक्ति हर दिन त्रिपुंड लगाता है, उसे जाने-अनजाने में किये गए सभी पापों से मुक्ति मिलती है। इसके अलावा त्रिपुंड लगाने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

# लग्जरी सुख-सुविधाओं के दाता शुक्र ग्रह 19 को करेंगे राशि परिवर्तन



ज्योतिष विज्ञान के मुताबिक हर ग्रह एक निश्चित समय के बाद राशि परिवर्तन करता है। यह ग्रह चाल राशियों में राजयोग निर्मित करती है। इसी कड़ी में 19 मई को शुक्र ग्रह वृषभ राशि में प्रवेश करने वाले हैं। शुक्र ग्रह लग्जरी सुख-सुविधाओं के दाता हैं। शुक्र का यह गोचर वृषभ, सिंह और कन्या राशि के लिए शुभ फल देने वाला साबित होगा। दरअसल, वृषभ राशि में पहले से गुरु विराजित हैं, ऐसे में शुक्र और गुरु का मिलन मालव्य राजयोग और गजलक्ष्मी राजयोग निर्मित करेगा। ये दोनों राजयोग वृषभ, सिंह और कन्या राशि के लिए शुभ होंगे।

**वृषभ राशि वालों को जबर्दस्त लाभ :** शुक्र गोचर का जबरदस्त लाभ वृषभ राशि के जातकों को होगा, इन्हें कोई शुभ समाचार की प्राप्ति हो सकती है। व्यापार के लिहाज से समय अच्छा रहेगा। कारोबार में कोई मोटी डील आपको मिल सकती है। नौकरीपेशा जातकों को प्रमोशन मिलने की संभावना हैं। खानपान में लापरवाही सेहत बिगाड़ सकती है।

**सिंह राशि को भी राजयोग का लाभ :** शुक्र ग्रह के राशि परिवर्तन से वृषभ राशि में बनने वाले मालव्य राजयोग का लाभ सिंह राशि को मिलेगा। इनके लिए करियर में उन्नति के मार्ग खुलेंगे। नौकरी के नए अवसर प्राप्त होंगे। नया व्यापार शुरू करने का विचार बन सकता हैं। दांपत्य जीवन की मुश्किलें दूर होंगी और जीवनसाथी का पूरा साथ मिलेगा।

**कन्या राशि वालों के कॅरियर में उछाल :** मालव्य राजयोग कन्या राशि वालों के लिए करियर में उछाल लेकर आएगा। नौकरी की तलाश पूरी हो सकती है। अटके हुए कार्यों को पूरा करने में सफलता मिल सकती है। अविवाहित जातकों को विवाह प्रस्ताव मिल सकते है। आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी।

## गर्मी शरीर में कई परेशानियों की बनती है वजह

# गर्मी से सिर में हो तेज़ दर्द तो दवाइयां लेने से बचें, घरेलू उपाय से मिनटों में करें दूर

बहुत से लोग सिरदर्द की समस्या से परेशान रहते हैं। सिर में तेज दर्द का उठना कई कारणों से हो सकता है। तेज ठंड या तेज गर्मी भी सिरदर्द की वजह बन सकती है। समर सीजन में होने वाली तेज गर्मी और गरम हवाएं बहुत से लोगों के सिर में दर्द की वजह बनती है। सिरदर्द होने पर लोग अक्सर दवाएं खा लेते हैं। हालांकि कुछ घरेलू तरीकों को अपनाकर सिरदर्द से जल्द राहत पाई जा सकती है। सिरदर्द होने पर हमारे यहां सदियों से दादी-नानी के बताए घरेलू तरीकों को आजमाया जाता रहा है। इन तरीकों की मदद से मिनटों में सिरदर्द दूर हो जाता है।



### गर्मी में भरपूर पानी पिएं

गर्मी के दिनों में सिरदर्द उठने की एक बड़ी वजह शरीर में पानी की कमी भी हो जाती है। इससे डिहाइड्रेशन और एसिडिटी की समस्या शुरू हो जाती है। इंडियन जर्नल ऑफ मेडिसिन रिसर्च के मुताबिक, शरीर में पानी की कमी सोचने और काम करने की क्षमता पर प्रभाव डालती है। सिरदर्द उठने पर एक-दो गिलास पानी या फ्रूट जूस और स्मूदी लेना फायदेमंद होता है।

### पर्याप्त नींद न होना भी है बड़ा कारण

कई बार पर्याप्त नींद न होने की वजह से भी सिरदर्द होने लगता है। आप अगर घर से बाहर नहीं निकले हैं, बावजूद इसके सिर में दर्द उठ रहा है तो इसकी वजह कम नींद भी हो सकती है। ऐसे में काम छोड़कर लेट जाएं और माइंड को रिलैक्स कर नींद लेने की कोशिश करें।

### मांसपेशियों की करें हल्की सिकाई

सिरदर्द होने की वजह कई बार गर्दन की मांसपेशियों में खिंचाव की वजह से भी होता है। ऐसे में ठंड के दिनों में मसल्स को अगर गर्म सिकाई दी जाए और गर्मी के दिनों में आइस से सेका जाए तो मांसपेशियों को रिलैक्स करने में मदद मिलती है। सिकाई गर्दन के आसपास करना फायदेमंद होता है।

### हर्बल टी का सेवन लाभकारी

सिरदर्द उठने पर हर्बल टी का सेवन लाभकारी हो सकता है। हर्बल टी में ऐसी कई औषधि होती हैं जो कि दर्द को दूर करने में मदद कर सकती हैं। सामान्य सिरदर्द की सूरत में हर्बल टी अपना असर दिखा सकती है।

### गुनगुने नारियल तेल से करें मसाज

सिरदर्द दूर करने का एक पारंपरिक और कारगर घरेलू नुस्खा है सिर की मालिश करना। नारियल तेल को हल्का गुनगुना कर उसे बालों की जड़ों में लगाकर 10 से 15 मिनट तक मसाज करें। इससे सिरदर्द में बहुत आराम मिलता है।



# चमत्कारी हैं ये रत्न चमका देता है भाग्य

ज्योतिष के अनुसार रत्नों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। कहा जाता है कि इन्हें धारण करने से तरक्की के मार्ग प्रशस्त होते है। साथ ही कुंडली में मौजूद ग्रह दोष भी दूर होते है और आर्थिक उन्नति होने लगती है। ज्योतिष कहता है कि हर व्यक्ति को अपनी राशि के हिसाब से ही रत्न को धारण करना चाहिए, जिससे शुभ फलों की प्राप्ति हो। रत्नों की पहचान राशि और ग्रहों के हिसाब से होती है, उन्हीं रत्नों में एक हैं पुखराज का रत्न।

**कई नामों से जाना जाता है पुखराज रत्न :** पुखराज रत्न चमकीले पीले रंग का दिखाई देता हैं। इसे पहनने से जातक को मानसिक शांति का अनुभव होता हैं। पुखराज को पुषराजा, पीतमणि, पुष्पराग, गुरु रत्न, गुरुप्रिया पुष्पराज और पितमन के नाम से भी पहचानते हैं। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, धन-संपत्ति में बढ़ोतरी के लिए पुखराज रत्न धारण किया जाता है। हालांकि, इन्हें नियमों के हिसाब से ही पहनना चाहिए, अन्यथा इनका प्रभाव कम हो सकता है।



### पुखराज पहनने के लाभ

पुखराज रत्न को बृहस्पति ग्रह से जोड़ा गया हैं। इसे बृहस्पति ग्रह का रत्न कहा जाता है। इसे धारण करने से जातक के धन में बढ़ोतरी होने की संभावना बनती है। इसे धारण करने से पाचन शक्ति भी मजबूत होती है। कहा जाता है कि पुखराज पहनने से करियर में सफलता मिलती है और ज्ञान में बढ़ोतरी होती है।

**किन राशियों के लिए है पुखराज**
ज्योतिष शास्त्र कहता है कि पुखराज रत्न को राशि के अनुसार ही पहनना चाहिए। ऐसे में मिथुन राशि, कन्या राशि और वृषभ राशि के लिए पुखराज को शुभ माना गया है। हालांकि, कुंडली में बृहस्पति की स्थिति को देखते हुए राशि अनुसार व्यक्ति को पुखराज धारण करना चाहिए।

### पुखराज धारण करने का नियम

पुखराज रत्न को गुरूवार के दिन ही धारण करें। ज्योतिषानुसार 5 से 7 कैरेट के पुखराज को हमेशा सोने की अंगूठी में जड़वाकर धारण करें। इसे पहनने से पहले अंगूठी को दूध के साथ गंगाजल में मिलकर रख देवें। इसके बाद शक्कर और शहद के घोल में रत्न को दाल देवें। इसके पश्चात गुरूवार को बृहस्पति देव की पूजा करें और फिर 'ऊं ब्रह्म बृहस्पतये नमः' मंत्र का जाप करें। इस पूजा के बाद अंगूठी को बृहस्पति देव के चरणों से स्पर्श करवाने के बाद अंगुलियों में धारण कर लेवें।

# नींबू का करेंगे ऐसे सेवन तो बढ़ता वजन होगा तेजी से कम, सेहत को मिलेंगे अनेक फायदे



बढ़ते मोटापे से देश और दुनिया में ज़्यादातर लोग परेशान हैं। मोटापा इन दिनों एक महामारी की तरह सामने आई है। हर कोई यह जानने की कोशिश करता है कि वो कैसे अपना वजन कम करे और शरीर में जम चुके एक्स्ट्रा फैट यानी की चर्बी से कैसे छुटकारा पाएं। अगर मोटापा कम करने के लिए आप कई सारे घरेलू नुस्खे अगर आजमा चुके हैं और आपको कोई फायदा नहीं हो रहा है तो अपनी डाइट में आप नींबू का सेवन शुरू करें। चलिए हम आपको बताते हैं कैसे एक नींबू आपका वजन कम कर सकता है।

### गुणों की खान है नींबू

विटामिन सी से भरपूर, नींबू का फल एक सुपरफूड है जो आपको शरीर को कई तरह के स्वास्थ्य लाभ देता है। इस साइट्रस फल को आपको अपनी अपनी डाइट में ज़रूर शामिल करना चाहिए। आयुर्वेद के अनुसार, नींबू के सेवन से आपका मेटाबॉलिज्म बेहतर होता है, जिससे आपका बढ़ता मोटापा तेजी से कंट्रोल हो सकता है। इसके साथ ही नींबू के रस से शरीर का पाचन भी दुरुस्त होता है, जिससे आपका पेट हमेशा साफ़ रहता है। इसके सेवन से कमजोर इम्यूनिटी मजबूत होती है।

### नींबू पानी में इन्हें डालकर भी पिएं

नींबू पानी में शहद, काली मिर्च पाउडर और दालचीनी पाउडर मिलाकर पीने से भी फायदा मिलता है। साथ ही जब भी सलाद खाएं उसमें नींबू का रस ज़रूर डालें। मिक्स जूस या सूप बनाते समय उसमें नींबू का रस मिला सकते हैं, इससे टेस्ट भी बढ़ जाता है और हेल्थ के लिए भी अच्छा होता है।

### सिर्फ नींबू से नहीं घटेगा आपका वजन

सिर्फ नींबू के सेवन से आप मोटापा कंट्रोल नहीं कर सकते हैं। इसके साथ आपको बेहतरीन डाइट और व्यायाम भी करना होगा। लगभग 80 प्रतिशत डाइट और 20 प्रतिशत एक्सरसाइज़ मोटापा कम करने में कारगर है। हेल्दी फ़ूड में घर की बनीं सब्जियां, दाल, चपाती, ड्राई फ्रूट्स को शामिल करें। बाहर का जंक फ़ूड जितना जल्दी बंद करेंगे आपकी सेहत के लिए उतना ही असरदार होगा।



# खरबूजा खाने के बाद जिसे कचरा समझकर आप फेंक देते हैं, वो बिकता है 2 हजार रुपए किलो

गर्मी के दिनों में पानी से भरपूर और रसीले तरबूज-खरबूज खाने में जितने टेस्टी लगती हैं उससे कहीं ज्यादा फायदेमंद होते हैं। सभी जानते हैं कि खरबूज को छीलकर और बीज निकालकर खाया जाता है। ज्यादातर लोग छिलके और बीजों को कचरा समझकर फेंक देते हैं, लेकिन जिन बीजों को आप कूड़ेदान में डाल देते हैं वो 2 हजार से भी ज्यादा कीमत में बाजार में बिकते हैं। खरबूज के बीज में एंटीऑक्सिडेंट पाए जाते हैं जो फ्री रेडिकल्स से स्किन को बचाते हैं। खरबूज के बीज फाइबर से भरपूर और तासीर में ठंडे होते हैं। वजन घटाने में भी खरबूज के बीज मदद करते हैं।

**कैसे उपयोग में लाएं खरबूजे के बीज :** खरबूजे के बीज को आप स्टोर करके किसी खुले डब्बे में रखते जाएं। जब थोड़े से बीज इकट्ठा हो जाएं तो इन्हें पानी से अच्छी तरह से धो लें और फिर धूप में सुखा दें। अब इन बीज को छीलकर रख लें। अगर आप मार्केट से खरबूज के बीज खरीदते हैं तो ऑनलाइन 250 ग्राम खरबूज 500 रुपए से भी ज्यादा में बिकते हैं।

**खरबूजे के बीज का क्या करें :** गर्मी के दिनों में आप आसानी से घर में खरबूज के बीज को निकालकर स्टोर कर सकते हैं। मेलन सीड्स का इस्तेमाल आप किसी भी नाश्ते के साथ, सलाद में डालकर, दही या स्मूदी में डालकर कर सकते हैं। आटे के लड्डू और बर्फी में भी खरबूज के बीज अच्छे लगते हैं। गाजर के हलवा या फिर किसी भी मिठाई में खरबूजे के बीज मिला सकते हैं। अलग से सिर्फ खरबूजे और नारियल की बर्फी भी बनाई जाती है।



### खरबूजा के बीज के फायदे

**इम्यून सिस्टम मजबूत करे :** खरबूजे के बीज खाने से रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। शरीर को बीमारियों से लड़ने में मदद मिलती है। खरबूजे के बीज में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। जिससे इम्यूनिटी बढ़ती है।

**ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखे :** खरबूजे के बीज हाई ब्लड प्रेशर को कम करने में मददगार साबित होते हैं। इसमें फाइबर, पोटेशियम और विटामिन सी पाया जाता है जो हार्ट को हेल्दी बनाए रखने में भी मदद करता है। इससे शरीर में कोलेस्ट्रॉल भी मेंटेन रहता है।

### डाइजेशन को बनाए बेहतर

फाइबर से भरपूर खरबूजे के बीज पाचन को बेहतर बनाए रखते हैं। खरबूजे के बीज खान से कब्ज और पाचन की समस्या दूर होती है। जिन लोगों का डाइजेशन स्लो होता है उन्हें खरबूज के बीज खाने चाहिए। त्वचा को बनाए हेल्दी खरबूजे के बीज में विटामिन ए, सी और ई पाया जाता है जिससे स्किन हेल्दी बनती है। उम्र के साथ कम होते कोलेजन को बढ़ाने में सीड्स मदद करते हैं। खरबूज के बीज खाने से स्किन हेल्दी रहती है।

कार्नर न्यूज

## घर का बुक शेल्फ भर गया है तो बची किताबों को फ्रिज में कर सकते हैं स्टोर

# खराब होकर बेकार हुए फ्रिज को कबाड़ में ना बेचें, इन तरीकों से दोबारा कर सकते हैं उपयोग

घर-घर में फ्रिज होती है। इसके बिना आम लोगों का गुजारा नहीं होता। खाना अगर कमरे के तापमान में छोड़ दें तो वो खराब हो जाता है ऐसे में फ्रिज में ही दूध, दही, पका हुआ भोजन, सब्जी, ब्रेड आदि चीजों को आमतौर पर रखा जाता है। आमतौर पर एक फ्रिज की शेल्फ लाइफ 5 से 10 साल तो होती ही है, जिसके बाद फ्रिज खराब हो जाती है। कई बार तो कुछ मेजर खराबी आने से फ्रिज जल्दी ही खराब हो जाती है। बार-बार बनवाने के बाद भी फ्रिज खराब हो जाए तो इस पर पैसे खर्च करना बर्बादी है। बेहतर है कि आप बजट के अनुसार नई फ्रिज ले लें। यदि आपकी भी फ्रिज पुरानी, ओल्ड मॉडल है या कूलिंग नहीं कर रही, खराब हो चुकी है तो उसे कबाड़ में देने की बजाय दोबारा से अन्य कामों में इस्तेमाल कर सकते हैं। चलिए हम बताते हैं आपको कुछ ऐसे काम जिनके लिए आप पुरानी बेकार हुई फ्रिज को रीयूज कर सकते हैं।



### किताबों को कर सकते हैं स्टोर

आप चाहें तो इसमें किताबें रख सकते हैं. वे किताबें जो जरूरत की हैं लेकिन उनका इस्तेमाल डेली नहीं करते। अगर घर का बुक शेल्फ भर गया है तो बाकी बची किताबों को फ्रिज में स्टोर कर सकते हैं। आप चाहें तो फ्रिज को बाहर से डेकोरेट भी कर सकते हैं ताकि ये सुंदर दिखे।

### किचन की सामग्री रखने करने उपयोग

किचन का राशन जैसे दाल, चावल, मसाले आदि स्टोर कर सकते हैं। घर के स्टोर रूम या फिर किचन में ही एक तरफ इस फ्रिज को रहने दें ताकि आपको बार-बार सामान निकालने के लिए दूर ना जाना पड़े।

### आउटडोर प्लांटर का काम करेगा

अगर आपका फ्रिज खराब हो गया है, सही तरीके से कूल नहीं कर रहा है तो आप इसे रिटायर कर दें और नया फ्रिज ले लें। इस पुराने फ्रिज को कबाड़ में देने की बजाय आप इसे कई तरह से रीयूज कर सकते हैं। इसे आप आउटडोर प्लांटर बना सकते हैं। बस आपको दरवाजा और रैक को हटाना होगा। इसमें आप गमले रख दें या मिट्टी डालकर कोई पौधा लगा दें या फिर इसमें खाद, बीज, कंपोस्टर आदि रखने के लिए घर के बगीचे में रख दें।



### जिनकी कम जरूरत, रखें ऐसे कपड़े

आपकी अलमारियां कपड़ों से भर गई हैं, उसमें कुछ भी रखने के लिए जगह नहीं बचा है तो आप ऐसे कपड़े जिनका उपयोग कम होता है उन्हें फ्रिज में तह लगाकर रखें। इसमें चादर, पर्दे, तौलिया, सोफ कवर, कुशन और तकिया कवर आदि रखना बेस्ट होगा, क्योंकि इनका इस्तेमाल जल्दी नहीं होता है।

### डेली यूज में न आने वाली चीजें रखें

खराब हो चुके फ्रिज में डेली इस्तेमाल में ना आने वाली चीजों को भी रखा जा सकता है। कुछ ऐसी चीजों को अक्सर लोग स्टोर करके रखते हैं ताकि बाद में इस्तेमाल में आए। ऐसी ही चीजों को आप अपनी इस पुरानी फ्रिज में स्टोर कर दें।

## फिल्म इवेंट

### भोजपुरी

## भोजपुरी में 'कभी खुशी कभी गम', आम्रपाली-प्रदीप देंगे शाहरुख-काजोल को टक्कर



करण जौहर के निर्देशन में बनी फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' बॉलीवुड की टॉप फिल्मों की लिस्ट में शुमार है। ऐसे में जो भोजपुरी सिनेमा लवर्स है उन्हें ये सुनकर खुशी होगी कि अब भोजपुरी में भी 'कभी खुशी कभी गम' बनने जा रही है। जी हां, भोजपुरी निर्माता निशांत उज्जवल भोजपुरी में 'कभी खुशी कभी गम' लेकर आ रहे हैं। पोस्टर में आम्रपाली दुबे और संचिता बनर्जी, प्रदीप पांडेय चिंटू के साथ पोज देती दिख रही हैं। बता दें कि आम्रपाली दुबे और संचिता बनर्जी, प्रदीप पांडेय चिंटू तीनों ही भोजपुरी इंडस्ट्री के बड़े स्टार्स हैं, जिन्हें एक ही फिल्म में साथ देखना फैन्स के लिए बड़ी बात है। बताया जा रहा हैं कि यह फिल्म पूरी तरह से पारिवारिक फिल्म होगी, जिसका दर्शकों को भी बेसब्री से इंतजार है। वहीं स्टारकास्ट को देखते हुए कहा जा सकता है ये फिल्म लाजवाब होने वाली है। दुल्हन बनीं संचिता बनर्जी काफी खूबसूरत दिख रही हैं। यूट्यूब की सबसे बड़ी भोजपुरी फिल्म 'निरहुआ हिंदुस्तानी 2' की सुपर हिट फीमेल लीड आम्रपाली दुबे और संचिता बनर्जी इस फिल्म में वापस साथ आ रही हैं। ऐसे में इन्हें दोबारा साथ में स्क्रीन पर देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं।

### पंजाबी

## कमाई करने में 'कैरी ऑन जट्टा 3' ने 'सौंकन सौंकने' को छोड़ा पीछे



पंजाबी फिल्म 'कैरी ऑन जट्टा 3' पंजाब और भारत में कई जगहों पर काफी पसंद की जा रही है. गिप्पी ग्रेवाल और सोनम बाजवा स्टारर इस फिल्म को ऑडियंस का भरपूर प्यार मिल रहा है। 'कैरी ऑन जट्टा 3' को ऑडियंस का अच्छा रिस्पॉन्स मिला। ये फिल्म गुरुवार सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म ओपनिंग डे से ही अच्छा कलेक्शन कर रही है। चौथे दिन इस पंजाबी फिल्म ने रिकॉर्ड तोड़ 6 करोड़ का बिजनेस किया था। फिलहाल ये फिल्म पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा ओपनिंग करने वाली फिल्म भी बन चुकी है। बता दें कि 'कैरी ऑन जट्टा 3' ने सरगुन मेहता की फिल्म 'सौंकन सौंकने' के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है। 'सौंकन सौंकने' का पहले वीक का कलेक्शन 16.4 करोड़ रुपये रहा था, लेकिन 'कैरी ऑन जट्टा 3' ने 6 दिनों में 24 करोड़ रुपयों से ज्यादा कमाई कर ली है। ऐसे में 'कैरी ऑन जट्टा 3' पंजाबी इंडस्ट्री के इतिहास में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनने की राह पर है। 'कैरी ऑन जट्टा 3' की स्टारकास्ट की बात करें तो फिल्म में गिप्पी ग्रेवाल, बिन्नु ढिल्लो और गुरप्रीत घुग्गी ने लीड रोल प्ले किया है। फिल्म का डायरेक्शन स्मीप कांग ने किया है। दिलचस्प बात ये है कि बॉलीवुड के दबंग खान यानी सलमान खान ने बिग बॉस ओटीटी 2 में भी इस फिल्म की तारीफ की थी।

### मॉलीवुड

## 2018 एवरीवन इज ए हीरो' ने तोड़े कई मॉलीवुड बॉक्स ऑफिस के रिकॉर्ड




मुंबई। अवॉर्ड विनर डायरेक्टर जूड एंथनी जोसेफ के द्वारा डायरेक्ट मलयालम मूवी '2018 एवरीवन इज ए हीरो' को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। ये मूवी बॉक्स ऑफिस पर तेजी के साथ आगे बढ़ रही है। मलयालम फिल्म बिजनेस से जुड़े हुए तमाम लोग इस मूवी को केरल की असली स्टोरी बता रहे हैं। '2018 एवरीवन इज ए हीरो' की स्टोरी साल 2018 में केरल में आई बाढ़ पर बेस है। मूवी में बाढ़ के सामने इन्सानियत की जीत को बहुत ही बेहतरीन तरीके से दिखाया गया है। टोविनो ने 2018 में बाढ़ राहत के लिए अपनी मर्जी से लोगो की हेल्प की थी। फिल्म में वह एक ऐसे यंगस्टर के रोल में है, जो एक नकली मेडिकल सर्टिफिकेट के साथ भारतीय सेना को छोड़ देता है। इसके साथ बाढ़ के दौरान खुद को छुड़ाने में कामयाब रहता है। मूवी में मुख्य तौर पर आसिफ अली, कुंचाको बोबन, लाल और नेशनल अवॉर्ड विनर एक्ट्रेस अपर्णा बालमुरली ने एक टीवी रिपोर्टर का रोल किया है।

## रिसेप्शन पार्टी के लिए हटके आउट फिट

### लाइफ स्टाइल







शादियों का सीजन चल रहा है। वहीं दुल्हन बनी हर लड़की चाहती है कि वो सबसे सुंदर लगे। वे शादी के कई महीनों पहले से शादी के हर फंक्शन के लिए अलग अलग आउटफिट और ज्वैलरी का कलेक्शन करना स्टार्ट कर देती हैं। क्योंकि हर लड़की चाहती है कि वो अपनी शादी में सबसे हटके लगे और उसका पहना हुआ आउटफिट सबसे यूनिक हो। ऐसे में अगर आप भी शादी के बाद होने वाली रिसेप्शन पार्टी के लिए हटके आउट फिट खोज रहीं हैं तो इन बॉलीवुड एक्ट्रेस के लुक से इंस्पिरेशन ले सकती हैं।

## गर्मी के कारण रूखे हो गए हैं आपके बाल तो इन आसान टिप्स के जरिये बनाएं रेशमी

गर्मी के मौसम में नमी कम होने के कारण हमारे बाल रूखे होकर उलझ जाते हैं। ऐसे में ज्यादातर महिलाएं पार्लर जाकर महंगे उपचारों का सहारा लेती हैं। हालांकि, पार्लर में बिजली से चलने वाले उपकरण और रासायनिक उत्पाद बालों के स्वास्थ्य को बिगाड़ सकते हैं और उन्हें बेजान बना सकते हैं। आप कुछ आसान टिप्स के जरिए घर पर ही बालों की देखभाल करके उन्हें दोबारा मुलायम बना सकती हैं।

**अपने बालों के प्रकार के बारे में जानें :** अपने बालों की सही देखभाल करने के लिए सबसे पहले बालों के प्रकार को पहचानना जरूरी होता है। रूखेपन का मुकाबला करने के लिए अपने बालों के हिसाब से ही उत्पाद चुनें। आमतौर पर बालों के 3 प्रकार होते हैं- सीधे, घुंघराले और वेवी। सीधे बालों के लिए ऑर्गन तेल, केराटिन और नारियल तेल जैसी सामग्रियों वाले उत्पाद चुनें। घुंघराले बालों की देखभाल के लिए जोजोबा, सूरजमुखी



और एवोकाडो तेल समेत शिया बटर से लैस उत्पाद इस्तेमाल करें।

**बालों को सूखने के लिए समय दें :** स्वस्थ और मुलायम बाल पाने के लिए अपने बालों को आराम से सुखाएं या स्टाइल करें। गीले बालों को सुखाने के लिए तेजी से तौलिया रगड़ना उन्हें खुरदुरा और रूखा बना सकता है। इसकी बजाय अपने बालों से अतिरिक्त पानी को सुखाने के लिए माइक्रोफाइबर तौलिया या पुरानी कॉटन टी-शर्ट का उपयोग करें।

### प्रदूषण से करें बालों की सुरक्षा

आपको अपने बालों को पर्यावरणीय कारकों जैसे प्रदूषण और कठोर अल्ट्रा-वॉयलेट किरणों के संपर्क में आने से बचाने के लिए प्रयास करने चाहिए। घर से बाहर जाने पर टोपी या स्कार्फ पहनकर अपने बालों को सुरक्षित रखें। साथ ही बालों की अधिक रक्षा करने के लिए एंटी-फ्रिज उत्पादों में निवेश करें। आप हफ्ते में एक बार हेयर मास्क लगाकर भी अपने बालों को प्रदूषण से बचा सकती हैं। इसके अलावा हफ्ते में 2 बार अपने बाल धोएं।

**सीरम का करें इस्तेमाल :** बालों के रूखेपन को ठीक करने के लिए अपनी दैनिक दिनचर्या में हल्के सीरम को शामिल करना एक अच्छा निर्णय हो सकता है। अपने बालों की मरम्मत करने के लिए उन पर सीरम की 2 से 3 बूंदें लगाएं। सीरम के इस्तेमाल से आप उड़ते हुए छोटे बालों को जगह पर रख सकेंगी और उलझे बालों को सुलझा सकेंगी। अपने बालों को स्वस्थ और मजबूत बनाने के लिए आप घर पर बने सीरम का इस्तेमाल कर सकती हैं।

## अलमारी में होने चाहिए ये काले ऑउटफिट, मिलता है शानदार लुक

### फैशन





हर महिला को काले रंग के कपड़े पहनना बेहद पसंद होता है। चाहे गोरी हो या सांवली, हर रंगत वाली महिला पर काले कपड़े फबते हैं। इस रंग के कपड़े कभी फैशन रूझानों से बाहर नहीं होते और एक खूबसूरत लुक देते हैं। चाहे पार्टी में जाना हो या दोस्तों के साथ, हर महिला की अलमारी में इस तरह के काले रंग के ऑउटफिट जरूर होने चाहिए। इनके जरिए आप सबसे अलग और सुंदर नजर आएंगी।

**काले रंग की शॉर्ट ड्रेस, मोतियों का हार :** काले रंग की शॉर्ट ड्रेस पहनकर हर महिला शाही दिख सकती है। 'लिटिल ब्लैक ड्रेस' एक बेहद लोकप्रिय ऑउटफिट है, जिसे प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर कोको शनैल ने 1920 में डिजाइन किया था। यह एक ऐसा कपड़ा है, जिसे आप अवसर के हिसाब से स्टाइल कर सकती हैं। काली ड्रेस के साथ मोतियों वाला हार और लाल रंग की लिपस्टिक खूब जचेगी। गर्मी में सबसे खूबसूरत दिखने के लिए आप ये कलर कॉम्बिनेशन पहन सकती हैं।

**फुल लेंथ वाली काली ड्रेस, लंबी हील :** इन दिनों महिलाओं के बीच बॉडीकॉन ड्रेस की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। ये ऐसी ड्रेस होती हैं, जो शरीर पर चिपकी हुई होती हैं। आप सुंदर दिखने के लिए काले रंग की फुल लेंथ बॉडीकॉन ड्रेस पहनने पर विचार करें। इससे आपको एक शाही लुक मिलेगा और आप सबसे एलिगेंट नजर आएंगी। इसे स्टाइल करने के लिए लंबी हील पहनें और बोल्ड आई मेकअप लगाएं। आप इस ड्रेस पर गोल्डन रंग के कड़े और हार भी पहन सकती हैं।

**काली साड़ी के साथ पहनें बड़े झुमके :** काली साड़ी पहनना कभी गलत निर्णय नहीं हो सकता। काली साड़ी, चाहे पारंपरिक हो या आधुनिक, सभी अवसरों पर अच्छी लगती है। इसे आप पार्टियों, शादियों और फेयरवेल आदि में पहनकर बेहद खूबसूरत दिख सकती हैं। अपनी काली साड़ी के साथ बड़े झुमके और चूड़ियां पहनें। दिन के वक्त इस पर हल्का न्यूड लिपस्टिक वाला मेकअप लगाएं और शाम के समय स्मोकी आई लुक कैरी करें। गर्मी के मौसम में रहेगा इन फैशन ट्रेंड्स का बोल बाला। अगर आप कम मेहनत करके सबसे स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो काले रंग की टी-शर्ट जरूर खरीदें।

## शादी में दिखना चाहती हैं कूल और स्टाइलिश तो पहनें ये ट्रेंडिंग ब्राइडल स्नीकर्स

दुल्हन बनना हर लड़की का सपना होता है और हर दुल्हन चाहती है कि वो शादी के दिन सबसे अलग और खूबसूरत दिखाई दे। शादी के दिन को खास बनाने के लिए लड़कियां कोई कसर नहीं छोड़ती हैं वे ब्राइडल अटायर से लेकर फुटवियर्स तक को अहमियत देती हैं। हालांकि अब हील्स पहनने का ट्रेंड चला गया है। आजकल की लड़कियां ब्राइडल स्नीकर्स जो ना सिर्फ पहनने में कूल बल्कि कम्फर्टेबल भी होते हैं। जो अभी ट्रेंडिंग में भी हैं। यहां हम आपको ट्रेंडिंग और स्टाइलिश ब्राइडल स्नीकर्स बताना जा रहे हैं जिसे आप अपने वेडिंग आउटफिट से मैच करके पहन सकतीं हैं।

**डोरी वाली स्नीकर्स :** आप डोरी वाली स्नीकर्स भी ट्राई कर सकती हैं। यह आपको अलग लुक देंगे। इस स्नीकर्स पर सितारों और पिंक कलर के धागे का काम किया गया है। आप इसको आप गोल्डन और पिंक कलर के लहंगे के साथ ट्राई कर सकती हैं। आप इसमें काफी अलग दिखेंगी और आपकी फोटो वीडियो भी अच्छे आएंगे।

**ब्राइडल डिजाइन :** इस स्नीकर्स पर बहुत ही खूबसूरत और कूल ब्राइड का प्रिंट हैं। आप इसको भी ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के स्नीकर्स एकदम परफेक्ट हैं। आप इसको रेड कलर के लहंगे के साथ वियर कर सकती हैं।



### मोती वर्क स्नीकर्स

इन स्नीकर्स पर मोतियों का काम किया जाता है। इस स्नीकर्स को आप पिंक कलर के लहंगे के साथ पहन सकती हैं। यह आपको सबसे अलग और खूबसूरत लुक देगा। इसमें आकर्षक मोतियों का काम किया जाता है। स्नीकर्स आरामदायक और स्टाइलिश होते हैं।

**वेलवट स्नीकर्स :** इस स्नीकर्स पर वेलवेट और गोले शीशे का काम किया गया हैं, जो कि अपने आप एक अलग लुक देता है। आप इसको महरून कलर के लहंगे के साथ वियर कर सकती हैं।

## ऑयली स्किन से हैं परेशान तो घर पर ही इन चीजों से बनाएं घरेलू फेसपैक

गर्मियों का मौसम चल रहा है और तेज धूप ने लोगों को परेशान कर रखा है। गर्मी इतनी भीषण पड़ने लगी है कि लोगों ने अभी से अपने खान-पान और पहनावे में बदलाव कर लिया है। इस मौसम में सभी अपनी स्किन का भी खास ख्याल रखते हैं लेकिन गर्मी का मौसम ऑयली स्किन वाले लोगों के लिए काफी परेशानी लेकर आता है। तेल से छुटकारा पाना इतना आसान तो नहीं होता, लेकिन अगर आप चाहें तो इससे थोड़ी राहत पा सकते हैं। ऐसे में आज हम आपको घर पर रखी कुछ चीजों से घरेलू फेसपैक बनाकर ऑयली स्किन से छुटकारा पा सकते हैं।

### खीरा और शहद

खीरा और शहद का पैक बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में कसा



हुआ खीरे लेकर उसमें 2 बड़े चम्मच शहद मिला लें। अब इसे अच्छी तरह मिलाएं और फिर अपने चेहरे पर सही से लगाएं। 10 मिनट के बाद अपने चेहरे को धो लें।

### दही और हल्दी

त्वचा को एक्सफोलिएट करने के लिए दही सबसे अच्छा माना जाता है। ऐसे में एक बाउल में दही लेकर उसमें थोड़ा सा शहद और चुटकीभर हल्दी मिलाएं।

### गुलाबजल और शहद

त्वचा की कई परेशानियों को दूर करने के लिए गुलाबजल काफी सही रहता है। आप गुलाब जल में थोड़ा सा शहद मिलाकर इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इस पेस्ट को 20 मिनट तक अपने चेहरे पर लगाएं और फिर चेहरा धो दें।

### ओट्स और दूध


इस पैक को तैयार करने के लिए आपको सबसे पहले ओट्स को सही से पीस लेना है। ओट्स पीसने के बाद इसमें कच्चा दूध मिलाएं। अब इसे अपने चेहरे पर कुछ देर के लिए लगाएं। ये पैक आपके चेहरे को ठंडक देगा और ऑयली स्किन को कम करेगा।

**कार्नर न्यूज**

### घर में पले पशु-पक्षी हो जाते हैं परिवार के सदस्य, उनकी परेशानियों को न करें अनदेखा

## पालतू जानवरों की देखभाल के लिए अपनाएं ये टिप्स, मिलेगी बड़ी मदद

*जानवरों से प्यार करने वाले लोग अपने पालतू जानवरों को परिवार का सदस्य ही मानते हैं। घर में कुत्ते, बिल्ली, खरगोश और पक्षियों जैसे जानवर पालने से अकेलापन दूर होता है। साथ ही पालतू जानवर तनाव, चिंता और उदासी को दूर करके आपको खुश रहने में मदद करते हैं। हालांकि, किसी भी जानवर को घर लाना एक बड़ी जिम्मेदारी होती है, क्योंकि उनकी सही देखभाल करना जरूरी होता है। अपने पालतू जानवरों को नगर निगम द्वारा पंजीकृत जरूर करवाएं। पालतू जानवरों की देखभाल के लिए ये टिप्स अपनाएं।*



### स्वास्थ्य पर दें विशेष ख्याल

नियमित रूप से अपने पशुचिकित्सक के पास अपने पालतू जानवर को स्वास्थ्य चेक-अप के लिए लेकर जाएं। इसी तरह जरूरतों के मुताबिक उन्हें समय पर टीके लगवाएं और उनकी डीवर्मिंग भी करवाएं। स्वच्छता बनाए रखने के लिए नियमित रूप से अपने पालतू जानवरों के बाल कटवाएं, उन्हें नहलाएं और उनके नाखून भी काटें। साथ ही उनके दांतों को रोजाना ब्रश करना न भूलें।

### सही तरह से करें उनकी ट्रेनिंग

जब आपके पालतू जानवर बड़े हो जाएं, तो उनकी ट्रेनिंग शुरू कर दें। ऐसा करने से उनका व्यवहार अच्छा रहता है और वे आसानी से किसी भी सामाजिक कठिनाई का सामना कर पाते हैं। पालतू जानवरों को प्रशिक्षण देने से आप उनसे अपने बंधन को और भी मजबूत कर सकेंगे।

### पालतू जानवरों की डाइट का रखें ध्यान

अपने पालतू जानवर की पौष्टिक जरूरतों और डाइट के विषय में जानना एक जरूरी स्टेप होता है। पैकेट वाले खाने पर लिखी जानकारी से आपको अपने पालतू जानवरों की उम्र और सही आहार के बारे में पता चल सकता है। पशुचिकित्सक से पालतू जानवरों के लिए सही भोजन की जानकारी लें और उन्हें पौष्टिक चीजें खिलाएं। पालतू जानवरों को हमेशा उनकी शारीरिक गतिविधियों के आधार पर खाना खिलाना चाहिए।



### जानवरों की सुरक्षा हो सर्वोपरी

अपने पालतू जानवरों को घर के अंदर एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करें। ऐसी सभी वस्तुओं को जानवरों से दूर रखें, जो उन पर गिर सकती हैं या जिनसे उन्हें चोट लग सकती है। अपने घर के सभी खिड़की और दरवाजों को सुरक्षित रूप से बंद या बैरिकेडेड रखें। सैर पर ले जाते समय अपने पालतू जानवर के गले में पट्टा बांधकर रखें और उसे पकड़े रहें। साथ ही अपने पालतू जानवरों को नगर निगम द्वारा पंजीकृत जरूर करवाएं।

### अन्य जानवरों व लोगों से करवाएं दोस्ती

अगर आपका पालतू जानवर सारा दिन अकेला रहता है तो वो उग्र और गुस्से वाला बन सकता है। ऐसे में जरूरी है कि आप उसे अन्य जानवरों से मिलने-झुलने और उनके साथ खेलने का मौका दें।